www.tamsasanket.com

वर्षः 29 || अंक 326 ||अम्बेडकरनगर

गुरुवार

19 फरवरी 2026 || पृष्ठः 08 || मूल्यः ₹ 2

आज़ादी का अमृत महोत्सव

समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा

https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र


मौसम

सूर्योदयः 06:40

सूर्यास्तः 06:00

अधिकतमः 28°00

न्यूनतमः 15°00



पेज 07

विशेष समाचार | अपनों के निशाने पर राहुल... >>पेज 04 | नोएडा-बुलंदशहर में बारिश... >>पेज 06 | अंतरिम जमानत ...

## पहले चीनी रोबोट, फिर ड्रोन को अपना बताया, कांग्रेस बोली- सरकार ने देश की इमेज खराब की

# गलगोटिया यूनिवर्सिटी एआई समिट से बाहर

**शर्मिंदगी**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। चीनी रोबोट और कोरियन ड्रोन को अपना प्रोजेक्ट बताने वाली गलगोटिया यूनिवर्सिटी को इंडिया AI इम्पैक्ट समिट एक्सपो से बाहर निकाल दिया गया है। आयोजकों ने पहले यूनिवर्सिटी के पवेलियन की बिजली काटी, फिर ताला लगाकर बेरीकेडिंग कर दी गई। यह कार्रवाई उस वीडियो के वायरल होने के बाद हुई है, जिसमें यूनिवर्सिटी ने एक चाइनीज कंपनी के रोबोटिक डॉग को अपनी खुद की खोज बताया था। चीनी रोबो डॉग के साथ ही यूनिवर्सिटी ने कोरियन कंपनी के एक ड्रोन को भी अपना बताया था। इस पूरे मामले पर कांग्रेस ने कहा कि सरकार ने देश की इमेज खराब की है। चीनी मीडिया ने हमारा मजाक उड़ाया है। यह भारत के लिए वाकई शर्मिंदगी की बात है।

प्रोफेसर नेहा ने कहा कि यह विवाद इसलिए हुआ क्योंकि बातें साफ तौर पर नहीं रखी गईं। मैं इसकी जिम्मेदारी लेती हूं। यह सब बहुत जोश और उत्साह में बहुत जल्दी-जल्दी हुआ।यूनिवर्सिटी के स्पष्टीकरण के बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स ने इस पोस्ट पर



दिल्ली के भारत मंडपम में 16 फ़रवरी से शुरू हुआ एआई इम्पैक्ट समिट 20 फ़रवरी तक चलेगा

एक 'कम्युनिटी नोट' जोड़ दिया। इसमें कहा गया कि यूनिवर्सिटी का यह दावा कि उन्होंने इसे अपना नहीं बताया, भ्रामक है। एक्स का कम्युनिटी नोट एक ऐसा फीचर है, जिसमें आम यूजर्स ही किसी भ्रामक पोस्ट पर सही जानकारी और संदर्भ जोड़कर उसे फैक्ट-चेक करते हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

### वीडियो वायरल होने के बाद शुरू हुआ विवाद

वीडियो में यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर नेहा सिंह कह रही हैं कि इस रोबोटिक डॉग का नाम 'ओरियन' है। इसे गलगोटिया यूनिवर्सिटी के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' ने तैयार किया है। उन्होंने ये भी कहा कि यूनिवर्सिटी AI के क्षेत्र में 350 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है।

इस वीडियो के सामने आने के बाद कई टेक एक्सपर्ट्स और यूजर्स ने दावा किया कि यह असल में चीनी कंपनी 'यूनिट्री' का 'Go2' मॉडल है, जो बाजार में 2-3 लाख रुपए में उपलब्ध है। वहीं एक अन्य वीडियो में यूनिवर्सिटी जिस ड्रोन को कैंपस में 'शुरुआत से' तैयार करने का दावा कर रही हैं, उसे यूजर्स ने 40 हजार वाला रेडीमेड 'स्ट्राइककर V3 ARF' मॉडल बताया है।


### यूनिवर्सिटी ने माना था, हमने नहीं बनाया ये डॉग

वीडियो वायरल होने के बाद गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने कहा- हमने लगातार कैंपस में बेहतरीन टेक्नोलॉजी लाने की कोशिश की है। क्यों? क्योंकि जब छात्र नई चीजें देखते हैं, तभी उनकी सोच विकसित होती है। और यही सोच नए रचनाकारों को जन्म देती है।

>> (शेष पेज 06 पर)

### ममता सरकार बोली ईडी केंद्र का हथियार

नई दिल्ली/कोलकाता । पश्चिम बंगाल में I-PAC से जुड़े रेड मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान ममता सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार प्रवर्तन निदेशालय (ED) का उन राज्यों में हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है, जहां विपक्ष की सरकार है। वहीं केंद्रीय एजेंसी ने पलटवार करते हुए कहा कि हम किसी के हथियार नहीं हैं। बंगाल में ममता सरकार ने हमें धमकाया। दोनों पक्षों के बीच बहस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसका हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है और किसे धमकाया जा रहा है, यह हम तय करेंगे। ED ने I-PAC रेड मामले की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) से कराने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। ED का आरोप है कि 8 जनवरी को I-PAC के ऑफिसों पर रेड के दौरान CM ममता बनर्जी और बंगाल पुलिस के अधिकारियों ने उनकी कार्रवाई में रुकावट डाली।




'तमसा संकेत' की तरफ से सभी पाठकों को रमजान की बहुत बहुत मुबारकबाद

## मैं गांधियन, राजीवियन हूं राहुलियन नहीं : मणिशंकर

### वे राजनीतिक जीवन में मुझसे बहुत दूर

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने बुधवार को कहा कि वह गांधियन, नेहरूवियन और राजीवियन हैं, लेकिन 'राहुलियन' नहीं हैं। मणिशंकर ने अपने पुराने बयान पर विवाद को स्पष्ट करते हुए कहा- राहुल गांधी मुझसे करीब 30 साल छोटे हैं। मुझे उनके साथ काम करने का मौका नहीं मिला। इसलिए मैं खुद को राहुलवादी कैसे कह सकता हूं? बातचीत में कांग्रेस नेता ने



इंदिरा ने इमरजेंसी लगाकर लोकतंत्र को तानाशाही में बदला

आगे कहा- राहुल राजनीतिक जीवन में मुझसे बहुत दूर हैं।


>> (शेष पेज 06 पर)

### मोदी सरकार ने दुनिया में देश का मजाक बनवाया : कांग्रेस

कांग्रेस ने इस मामले पर कहा कि मोदी सरकार ने AI के मामले में दुनिया भर में भारत का मजाक बनवाया है। AI समिट में चीन के रोबोट्स को हमारा बताकर दिखाया जा रहा है। चीनी मीडिया ने हमारा मजाक उड़ाया है। यह भारत के लिए वाकई शर्मिंदगी की बात है। >> (शेष 06 पर)



इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट के उद्घाटन के दिन इसमें शामिल लोगों को हुई असुविधा के लिए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को खेद जताया था





### गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने माफी मांगी

AI समिट में हुई इस घटना के लिए गलगोटिया यूनिवर्सिटी माफी मांगी है। यूनिवर्सिटी का कहना है कि उनके स्टॉल पर मौजूद एक प्रतिनिधि को प्रोडक्ट के बारे में पूरी जानकारी नहीं थी। कैमरे के सामने आने के उत्साह में उस लड़की ने कुछ गलत टेक्निकल जानकारियां दे दीं, जबकि उसे मीडिया से बात करने की इजाजत भी नहीं थी।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मोदी सरकार की "पूर्ण अव्यवस्था और गंभीर कुप्रबंधन" को लेकर आलोचना की है.

### कौन हैं प्रोफेसर नेहा सिंह?

एआई समिट में नेहा तब पहली बार चर्चा में आईं, जब डीडी न्यूज को एक वीडियो इंटरव्यू में उन्होंने रोबोडॉग के बारे में बताया। इस वीडियो में उन्होंने दावा किया कि इसे यूनिवर्सिटी द्वारा ही बनाया गया है। बाद में यह चीन से खरीदा हुआ निकला। इससे यूनिवर्सिटी की काफी फजीहत हुई। नेहा गलगोटिया यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ मैनेजमेंट में कम्युनिकेशंस की फैकल्टी मेंबर हैं। नवंबर 2023 में गलगोटिया यूनिवर्सिटी जॉइन करने से पहले, उन्होंने ग्रेटर नोएडा में शारदा यूनिवर्सिटी में असिस्टेंट प्रोफेसर के तौर पर काम किया और करियर लॉन्चर में वर्बल एबिलिटी मेंटर के तौर पर भी काम किया। लिंक्डिन प्रोफाइल से यह जानकारी सामने आई है।

# संविधान और लोकतंत्र पर खतरा : अखिलेश यादव

### भाजपा पर हमलावर हुए अखिलेश यादव

**आरोप**

लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय में कार्यकर्ताओं को दिया एकजुटता का संदेश, कहा-पीडीए ही विकल्प, विकास की राजनीति करेगी सपा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने भाजपा पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि भाजपा संविधान को कमजोर करना चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा



को लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद से चिढ़ है और वह पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) को बदनाम करने की साजिश कर रही है। लखनऊ स्थित पार्टी के राज्य मुख्यालय में विभिन्न जिलों से आए नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा नौजवानों के बीच फूट डालने की राजनीति कर रही है । >> (शेष पेज 06 पर)

अखिलेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी, डॉ. राम मनोहर लोहिया और डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और बराबरी की लड़ाई ही पार्टी का मूल उद्देश्य है और पीडीए का रास्ता ही प्रदेश के भविष्य का विकल्प है।

**फास्ट न्यूज**

### बेंगलुरु में रिटायर्ड इसरो कर्मचारी ने पत्नी का मर्डर किया

नई दिल्ली । बेंगलुरु के अवलाहल्ली थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) के रिटायर्ड कर्मचारी ने अपनी पत्नी का मर्डर कर दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

**बयान | तंज**

### कांग्रेस सांसद गोगोई बोले- सीएम हिमंता असम के जिन्ना

गुवाहाटी । असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गौरव गोगोई ने असम सीएम हिमंता बिस्व सरमा और कांग्रेस छोड़कर भाजपा जॉइन करने जा रहे भूपेन कुमार बोरा पर कमेंट किया है। उन्होंने बुधवार को गुवाहाटी में प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा- हिमंता ने बोरा को कांग्रेस का आखिरी हिंदू नेता बताया है। हिमंता 'असम के जिन्ना' हैं, उन्हें नेताओं को 'हिंदू सर्टिफिकेट' देना बंद करना चाहिए। गोगोई ने ये भी कहा- भाजपा में शामिल होने वाले नेता अपनी पार्टी के लिए गैरजरूरी हो जाते हैं। ऐसा ही हाल असम कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा का होगा, जो 22 फरवरी को भाजपा में शामिल होंगे।

### रिजिजू बोले- राहुल देश की सुरक्षा के लिए खतरा

नई दिल्ली । केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को कहा कि राहुल गांधी भारत की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक इंसान बन गए हैं। वे भारत विरोधी ताकतों से जुड़े हैं। वे नक्सलियों, उग्रवादियों और जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों से मिलते हैं। रिजिजू ने ये बातें न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कहीं।

## यू०पी० एग्रो इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड का खाता किया गया सीज

### उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के देवा रोड, चिनहट स्थित उपकेंद्र सील

**कार्रवाई**

गृहकर बकाया न जमा करने पर बड़ी कार्रवाई, निगम ने खाता सीज और उपकेंद्र किया सील

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। नगर निगम द्वारा गृहकर बकाया की वसूली को लेकर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जोन-2 के जोनल अधिकारी श्री संजय यादव ने यू०पी० एग्रो इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, लखनऊ का बैंक खाता सीज करा दिया है। वहीं जोन-7 में कर





अधीक्षक श्री अजीत राय ने बकाया कर न जमा करने पर उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड के देवा रोड, चिनहट स्थित उपकेंद्र को सील कर दिया है। जोन 2 अम्बेडकर नगर वार्ड स्थित यू०पी० एग्रो इंडस्ट्रियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड पर 31 मार्च 2020 तक गृहकर मद में 94,04,294 रुपये की धनराशि बकाया है। निगम द्वारा समय-समय पर बिल और नोटिस ऑफ डिमांड जारी किए गए थे। संबंधित अधिकारियों ने व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर भुगतान कराने का प्रयास भी किया, लेकिन अब तक बकाया राशि जमा नहीं की गई। उत्तर प्रदेश नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 509 से 516 तक के अंतर्गत बकाया कर की वसूली के लिए चल संपत्ति को कुर्क या सीज करने का प्रावधान है। अपर नगर आयुक्त के आदेशों के अनुपालन में जोनल अधिकारी श्री संजय यादव ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए संस्था का बैंक खाता कुर्क/सीज करने का आदेश जारी किया।

>> (शेष पेज 06 पर)

### इनमें 25 सीटें विपक्ष, एनडीए की 12, पवार, सिंघवी का कार्यकाल अप्रैल में खत्म हो रहा

# राज्यसभा की 37 सीटों पर 16 मार्च को चुनाव

**ऐलान**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । चुनाव आयोग ने बुधवार को 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। 37 सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव कराया जाएगा। जो सीटें खाली हो रही हैं उनमें 12 एनडीए के पास हैं, 25 पर विपक्ष का कब्जा है। सबसे ज्यादा महाराष्ट्र की 7, तमिलनाडु की 6 और पश्चिम बंगाल-बिहार की 5-5 सीटों पर चुनाव कराया जाएगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

### ऐसे होता है राज्यसभा चुनाव






राज्यसभा सांसदों के लिए चुनाव की प्रक्रिया दूसरे चुनावों से काफी अलग है। राज्यसभा के सदस्य अप्रत्यक्ष रूप से चुने जाते हैं यानी जनता नहीं बल्कि विधायक इन्हें चुनते हैं। चुनाव हर दो साल में होते हैं, क्योंकि राज्यसभा एक स्थायी सदन है और इसके एक-तिहाई सदस्य हर दो साल में रिटायर होते हैं। राज्यसभा सीटों की कुल संख्या 245 हैं। इनमें से 233 सीटों पर अप्रत्यक्ष रूप से चुनाव होते हैं और 12 सदस्यों को राष्ट्रपति मनोनीत करते हैं। राज्यसभा चुनाव में जीत के लिए कितने वोटों की जरूरत होती है, ये पहले से ही तय होता है। वोटों की संख्या का कैलकुलेशन कुल विधायकों की संख्या और राज्यसभा सीटों की संख्या के आधार पर होता है।

### बैलेट पेपर पर खास पेन से होगी वोटिंग

चुनाव आयोग ने कहा है कि वोट डालते समय केवल रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से दिए गए तय मानक का वॉयलेट रंग का स्केच पेन ही इस्तेमाल होगा। किसी अन्य पेन का उपयोग मान्य नहीं होगा। आयोग ने कहा है कि चुनाव शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से कराने के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए जाएंगे। चुनाव आयोग ने असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में EVM और VVPAT को लेकर जागरूकता अभियान भी शुरू किया है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### चर्चा : शिवपाल बोले- मंत्री झूठ बोलते हैं, महाना ने कहा- एडजस्ट कर लीजिए

# स्पीकर का आदेश : अफसर विधायकों का फोन उठाएं

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी विधानसभा में बजट सत्र के 8वें दिन बुधवार को चर्चा जारी है। अफसरों द्वारा विधायकों का फोन नहीं उठाने के मुद्दे पर स्पीकर ने कहा- यह गलत है। जनप्रतिनिधि अगर फोन करते हैं तो अफसर को न केवल फोन रिसीव करना होगा बल्कि सम्मान भी देना है। एक दिन पहले नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने इस मामले को उठाते हुए कहा था- दरोगा तक हमारा फोन नहीं उठाते हैं। आज सपा विधायक अतुल प्रधान ने



सिंचाई के लिए किसानों को मुफ्त बिजली नहीं देने का मामला उठाया। उन्होंने कहा- दो साल में 5 लाख किसानों को बाहर कर दिया गया। उनके नाम जोड़े तक नहीं गए।

>> (शेष पेज 06 पर)

"मंत्री एके शर्मा ने आंकड़े गिनाए और कहा- वे किसान बाहर किए गए होंगे जिन्होंने आवेदन नहीं किया होगा। इस पर प्रधान ने मंत्री को झूठा करार दिया तो स्पीकर ने 'झूठ' शब्द पर आपत्ति जताई।



### सपा विधायक बोले- हम भिखारी लोग नहीं

प्रतापगढ़ के सपा विधायक आरके पटेल बजट पर बोल रहे थे। करीब 4 मिनट बोलने के बाद स्पीकर ने कहा कि अपनी विधानसभा की भी समस्या पर बोल लीजिए। आरके वर्मा ने कहा- हम बजट पर चर्चा कर रहे हैं, हम विधानसभा पर चर्चा नहीं कर रहे हैं। हम नाली-सड़क की चर्चा नहीं करेंगे, क्योंकि आपने बजट में वह व्यवस्था नहीं की है। हम भिखारी लोग नहीं हैं।

### सपा विधायक का तंज- सरकार के बजट भाषण में अपराध में आई कमी

सपा विधायक हृदय नारायण पटेल ने कहा- बजट भाषण में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि अपराध में बहुत कमी आई है। जबकि 2025 में ही बहुत सारी हत्या हुई। सबसे ज्यादा पटेल समाज के लोगों की हत्या हुई।

## 'अकेले विधानसभा चुनाव लड़ेंगे गठबंधन अफवाह'

### मायावती बोलीं यह हमारे खिलाफ साजिश है

**घोषणा**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। बसपा प्रमुख मायावती ने ऐलान किया है कि 2027 यूपी विधानसभा चुनाव उनकी पार्टी अकेले ही लड़ेगी। उन्होंने बुधवार को लखनऊ में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- हम किसी भी पार्टी से गठबंधन नहीं करेंगे। मीडिया में चल रही गठबंधन की खबरें फर्जी हैं। यह हमारे खिलाफ साजिश है। दरअसल, बसपा और असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी AIMIM के गठबंधन की खबरें सामने आ रही थीं। इसके अलावा तीन दिन पहले अखिलेश यादव ने भी इशारों में गठबंधन का ऑफर दिया था। उन्होंने कहा था-



मीडिया को नसीहत- कटी पतंग जैसी उड़ान भरकर मजाक उड़ाने से बचें

बसपा से पुराने रिश्ते हैं। कई बार गठबंधन बनते और टूटते हैं। हमें उम्मीद है कि उस लड़ाई को और आगे बढ़ाने का काम करेंगे। मायावती ने दिल्ली में हाल ही में अलॉट हुए टाइप-8 बंगले को लेकर उठ रही अफवाहों पर सफाई दी।

>> (शेष पेज 06 पर)

### जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में विकास खण्ड मलिहाबाद, गोसाईगंज एवं सरोजनी नगर के 170 जोड़ो के हुए सामूहिक विवाह

# कमजोर परिवारों का सहारा बन रही मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना

**सहायता**

- कौशल किशोर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री द्वारा विकास खण्ड मलिहाबाद एवं अमरेश कुमार विधायक मोहनलालगंज ने गोसाईगंज के सामूहिक विवाह में नव विवाहित जोड़ों को दिया आशीर्वाद




अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने किया कन्यादान

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । आज दिनांक 18 फरवरी 2026 को विकास खण्ड मलिहाबाद, गोसाईगंज एवं सरोजनी-नगर के कुल 170 जोड़ो का सामूहिक विवाह जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में संपन्न कराया गया। कौशल किशोर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री ने मलिहाबाद के 92 जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया वहीं अमरेश कुमार विधायक, मोहनलालगंज एवं ब्लॉक प्रमुख गोसाईगंज विनय वर्मा द्वारा गोसाईगंज के 50 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया। विधायक सरोजनी नगर के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सरोजनी नगर के 14 जोड़ों सामूहिक विवाह संपन्न कराये गये। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत बंथरा, काकोरी, मलिहाबाद एवं गोसाईगंज के 14 जोड़ों के भी विवाह एक साथ कराए गए। जनपद लखनऊ में वित्तीय वर्ष 2017 से प्रारंभ हुई मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत इस वित्तीय वर्ष में कुल 618 जोड़ो के विवाह संपन्न कराये गये हैं। जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि योजना के प्रारंभ से अब तक जनपद लखनऊ के कुल 5,506 जोड़ो के विवाह कराये गये हैं। उन्होंने बताया कि योजना अंतर्गत रुपये 60 हजार कन्या के खाते में प्रदान किए जाते हैं। रुपये 25 हजार की वैवाहिक उपहार सामग्री के साथ रुपये 15 हजार से सामूहिक विवाह की समस्त व्यवस्थाएं समाज कल्याण विभाग द्वारा की जाती हैं।

> कार्यक्रम के दौरान कौशल किशोर पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री, अमरेश कुमार, विधायक मोहनलगंज, के साथ जिलाध्यक्ष भाजपा एवं क्षेत्रीय ब्लॉक प्रमुख एवं उपजिलाधिकारी, विकास मिश्रा,परियोजना निदेशक, संबंधित ब्लॉक के खण्ड विकास अधिकारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।



## अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने किया कन्यादान, भावुक हुआ पल

श्रीमती सविता गोयल विधायक, सरोजनीनगर प्रतिनिधि ने रानी पुत्री स्वर्गीय रघुवीर का कन्यादान कर वैवाहिक जोड़ो को उपहार और आशीर्वाद प्रदान किया गया। वही ब्लॉक प्रमुख गोसाईगंज विनय वर्मा एवं पवन पटेल उपजिलाधिकारी मोहनलालगंज द्वारा रितु कुमारी पुत्री स्वर्गीय विनोद कुमार एवं सोनम पुत्री स्वर्गीय हंसराज का स्वयं कन्यादान किया एवं वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक परिवार के साथ है और सामूहिक विवाह के माध्यम से प्रत्येक पात्र कन्या को योजना का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर नव विवाहित वर वधू की खुशी देखते ही बन रही थी।

# यूपी में प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल




- अनिल कुमार केवल पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे
- छह पीसीएस अधिकारियों के भी हुए महत्वपूर्ण तबादले
- उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) बने

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर बड़ा फेरबदल करते हुए दो आईएएस और छह पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए हैं। केंद्रीय प्रतिनियुक्ति से लौटने के बाद तैनाती की प्रतीक्षा कर रहीं वर्ष 1996 बैच की वरिष्ठ आईएएस अधिकारी वी. हेकाली झिमोमी को वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का प्रमुख सचिव नियुक्त किया गया है।

अब तक यह जिम्मेदारी 1998 बैच के आईएएस अधिकारी अनिल कुमार के पास थी। वे वन एवं पर्यावरण विभाग के साथ-साथ पंचायती राज विभाग के भी प्रमुख सचिव थे। शासन ने उनसे वन एवं पर्यावरण विभाग का प्रभार वापस ले लिया है। अब वे केवल पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

प्रशासनिक फेरबदल के तहत कई पीसीएस अधिकारियों के दायित्वों में भी परिवर्तन किया गया है। गाजीपुर में तैनात उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), मैनपुरी बनाया गया है।

राजस्व परिषद में संबद्ध विकास यादव को उप जिलाधिकारी, अंबेडकरनगर नियुक्त किया गया है।

# मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने किया ‘कौशल कॉल सेंटर’ का शुभारंभ

### हर युवा तक प्रशिक्षण और रोजगार की सटीक जानकारी पहुंचाने की पहल



- जानकारी के अभाव में कोई युवा अवसर से वंचित नहीं रहेगा
- तकनीक से जुड़ेगा युवा भविष्य, कौशल कॉल सेंटर बनेगा सशक्त सेतु
- 30 सदस्यीय टीम करेगी फीडबैक और प्लेसमेंट की नियमित मॉनिटरिंग

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । उत्तर प्रदेश के युवाओं को कौशल प्रशिक्षण और रोजगार के अवसरों से सीधे जोड़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन (UPSDM) मुख्यालय में “कौशल कॉल सेंटर” का शुभारंभ किया।

शुभारंभ के अवसर पर मंत्री अग्रवाल ने कॉल सेंटर के माध्यम से पूर्व में प्रशिक्षित एक छात्र से फोन पर सीधा संवाद कर उसके अनुभवों की जानकारी ली और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रदेश के हर गांव और शहर के युवाओं तक मिशन की योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा रोजगार अवसरों की सटीक और अद्यतन जानकारी सीधे पहुंचे। मंत्री अग्रवाल ने कहा कि सरकार का संकल्प है कि कोई भी युवा केवल जानकारी के अभाव में अवसर से वंचित न रहे। सही समय पर सही मार्गदर्शन देकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना ही इस पहल का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि “कौशल कॉल सेंटर” प्रदेश के युवाओं के सपनों को नई दिशा देने और उन्हें आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम में प्रमुख सचिव डॉ. हरिओम ने कहा कि कौशल कॉल सेंटर केवल एक सूचना केंद्र नहीं, बल्कि युवाओं और उनके सपनों के बीच एक सशक्त सेतु है।

### इन्वेस्ट यूपी और कौशल विकास मिशन के बीच समन्वय के लिए गठित हुई सेल

# ‘स्किल हब' बनेगा उत्तर प्रदेश’

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ। उत्तर प्रदेश को 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संकल्प को साकार करने के लिए उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा एक बड़ा कदम उठाया गया है। अब प्रदेश में निवेश करने वाले बड़े उद्योगों को उनकी जरूरत के अनुसार प्रशिक्षित वर्कफोर्स उपलब्ध कराने के लिए 'कौशल कनेक्ट सेल' का गठन किया गया है। प्रदेश में आने वाले बड़े निवेश को सफल बनाने के लिए यह आवश्यक है कि उद्योगों को समय पर स्किल्ड मैनपावर मिल सके। इसी उद्देश्य से इन्वेस्ट यूपी और उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करने के लिए 'कौशल कनेक्ट सेल' बनाई गई है।

उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के मिशन निदेशक पुलकित खरे ने बताया कि वर्तमान में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन द्वारा लगभग 35 सेक्टर्स और 1300 से अधिक जॉब रोल्स में युवाओं को प्रशिक्षित किया जा रहा है। 'कौशल कनेक्ट सेल' के सक्रिय होने से अब ट्रेनिंग और इंडस्ट्री की मांग के बीच का गैप खत्म होगा और यूपी के युवाओं को उनके जिले में ही बड़े उद्योगों में नौकरी मिल सकेगी। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।






## मिशन में प्रशिक्षण और सेवायोजन की प्रक्रिया को गति

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मिशन में प्रशिक्षण और सेवायोजन (रोजगार) की प्रक्रिया को गति देने के लिए स्पीडअप-पीएमयू को आबद्ध किया गया है। यह पीएमयू अब 'कौशल कनेक्ट सेल' के माध्यम से निवेशकों के साथ रियल-टाइम समन्वय स्थापित करेगा।

## 'कौशल कनेक्ट सेल' केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं होगी

'कौशल कनेक्ट सेल' केवल एक प्रशासनिक इकाई नहीं होगी, बल्कि इसके कार्य जमीन पर बदलाव लाएंगे। रियल-टाइम ट्रैकिंग कर इन्वेस्ट यूपी के साथ दैनिक समन्वय कर निर्गत प्रोजेक्ट्स की स्थिति को अपडेट रखना यह सेल का मुख्य कार्य होगा। इसके साथ ही किस जिले में कितना निवेश आ रहा है और वहां किस सेक्टर (जैसे ऑटोमोबाइल, आईटी, टेक्सटाइल आदि) में कितने युवाओं की जरूरत है, इसका डेटाबेस तैयार करना भी उसकी जिम्मेदारी होगी। निवेशकों के एचआर विभाग से लगातार संपर्क में रहना और ट्रेनिंग पार्टनर्स (TP/PIA) के माध्यम से प्रशिक्षित लेकिन अभी तक बेरोजगार युवाओं को संबंधित उद्योगों की जरूरत के अनुसार रोजगार सुनिश्चित करना भी सेल का काम होगा ।

- 'कौशल कनेक्ट सेल' से युवाओं को मिलेगा सीधा रोजगार
- प्रदेश में निवेश करने वाले बड़े उद्योगों को उनकी जरूरत के अनुसार उपलब्ध करवाया जाएगा प्रशिक्षित वर्कफोर्स
- स्पीडअप-पीएमयू 'कौशल कनेक्ट सेल' के माध्यम से निवेशकों के साथ रियल-टाइम समन्वय स्थापित करेगा

## लखनऊ में दिखा रमजान का चांद

लखनऊ। लखनऊ में बुधवार को रमजान का चांद नजर आया। पहला रोजा गुरुवार (19 फरवरी ) को होगा। शिया और सुन्नी चांद कमेटियों ने चांद दिखने की घोषणा की। इसके बाद बाजारों में भीड़-भाड़ देखने को मिल रही है। मरकजी चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना खालिद रशीद ने कहा- आज बुधवार सभी मस्जिदों में तरावीह की नमाज पढ़ी जाएगी। चांद नजर आने के बाद लोग एक दूसरे को रमजान महीने की मुबारकबाद दे रहे हैं। आज से शहर की तमाम मस्जिदों में तरावीह की नमाज अदा की जाएगी। देर रात तक होने वाली तरावीह की नमाज में बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं।

महिलाओं की तरावीह की नमाज ईदगाह ऐशबाग में जमात के साथ होगी। ईदगाह में महिलाओं की जमात के साथ नमाज और तरावीह की पर्दे के साथ विशेष व्यवस्था की गई है। मौलाना खालिद रशीद ने कहा- सभी लोग तरावीह की नमाज में शामिल हो। इस महीने में जरूरतमंदों का विशेष ध्यान रखें। सेहरी और इफ्तार में देरी न करते हुए निर्धारित समय के अनुसार ही रोजा खोलें।

### पुण्यतिथि पर अन्धविश्वास, पाखण्ड, लफदड़ो से दूर रहने का लिया गया संकल्प

# श्रद्धा पूर्वक मनाई गयी समाज सेवी गायत्री देवी की 21वीं पुण्यतिथि

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । संसदीय क्षेत्र से रही पूर्व सांसद प्रत्याशी व समाज सेवी गायत्री देवी की 21वीं पुण्यतिथि लखनऊ कैलाशपुरी-ई सहित दुबई शाहजहांपुर में परिजनों, मित्रजनों ने सादगी के साथ मनाई। स्व० गायत्री देवी के चित्र पर फूल माला सुमन अर्पित कर उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। सभी आगन्तुकों, परिजनों को महामानव गौतम बुद्ध का पंचशील स्मरण कराया और संकल्प दिलाया गया कि शिक्षा व अपने अधिकारों, भाई चारे के प्रति जागरूकता ही गायत्री देवी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। 89 वर्षीय पूर्व लेखाधिकारी पत्रकार व समाज सेवी प्राग दत्त जो कि गायत्री देवी के पति है ने गायत्री देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये कहा कि पुण्यतिथि मनाने का उद्देश्य एक जो स्वयं राजपत्रित अधिकारी बनने के प्रेरित के साथ पूरा सहयोग किया साथ ही नई पीढ़ी को बताना है कि वे अन्धविश्वास, पाखण्डों, लफदड़ों से दूर रह कर पूरी तनमन्यता के साथ पढ़ाई करे और अपना कार्य कर जीवन में आगे बढ़ें।



एल०आई०सी० अधिकारी राम अचल, डा० मानू प्रताप पेले, आयुश, सत्य प्रकाश, शिवम आदि ने भी गायत्री देवी के चित्र पर माल्यार्पण किया। गायत्री देवी के जीवन पाठ पर प्रकाशित पुस्तक दूर पथ का राही पुस्तक में गायत्री देवी का भी पाठ पढ़ते हुए बताया गया कि माता-पिता, बुजुर्गो के प्रति सेवा, आदर व सम्मान प्रकट करने से आत्म विश्वास, सकारात्मक सोच, भाईचारा, मजबूती के साथ ही राष्ट्रीय एकता एवं अखण्डता का विकास करने को बलवती करने का बल मिलता है। विदित हो कि राजधानी से 200 मी० दूर तराई क्षेत्र के लखीमपुर खीरी के तहसील एवं ब्लाक-मोहम्मदी, ग्राम असोवा निवासी साधारण किसान मनोहर लाल के यहां गायत्री देवी का जन्म 30 मई 1940 में हुआ था। मोहम्मदी पूर्व में स्वयं जनपद था और 1852 ई० में इसे ब्रिटिश शासन काल में जिला बनाया गया था।

> मोहम्मदी को जनपद बनाने की मांग भाजपा के तत्कालीन विधायक श्री छोटेलाल तथा अन्य द्वारा लगातार की जाती रही है। मोहम्मदी का एक अपना इतिहास है। गायत्री देवी के पुण्यतिथि पर "दूर पथ का राही" दूसरा भाग ही शीघ्र ही प्रकाशित किया जायेगा। उनकी स्मृति में असोवा गांव में स्तम्भ का निर्माण कराया जायेगा।

> पूर्व उप निदेशक, सूचना प्रमोद कुमार, अधिशासी अभियन्ता ई० सुनील दत्त ने अपनी माता गायत्री देवी के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि माता जी सादगी और हिम्मती थी तथा अंधविश्वास पाखण्डों की घुरविरोधी थीं। उनके पद चिन्हों पर चलकर उनके परिवार में 12 राजपत्रित अधिकारी व द्वितीय पीढ़ी में 4 अधिकारी सहित अनेक मेडिकल क्षेत्र में एम०बी०बी०एस० आदि कर रहे हैं।

# फॉर्म-7 के जरिए वोटर लिस्ट से नाम काटने का आरोप

### सुल्तानपुर, सरोजनी नगर और जसवंतनगर में फर्जी हस्ताक्षर व दबाव का दावा

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी विधायकों के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ को ज्ञापन देकर मांग की है कि सुल्तानपुर सदर विधान सभा पोलिंग बूथ संख्या 87 पर 26 फार्म-7 पर निरक्षर नन्दलाल का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर पी.डी.ए. मतदाताओं व मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के नाम काटने के लिए फार्म-7 जमा किये गये हैं। निरक्षर नन्दलाल ने मीडिया के सामने सार्वजनिक रूप से कहा कि वह निरक्षर है, अंगूठा निशान लगाता है, उसके नाम से फर्जी हस्ताक्षर बनाया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि सिकन्दरपुर विधान सभा समाजवादी पार्टी के वर्तमान विधायक श्री जियाउद्दीन रिजवी की पत्नी श्रीमती आयशा रिजवी पोलिंग बूथ संख्या 172 क्रम संख्या 341 पर मतदाता के रूप में दर्ज हैं। जिनका नाम मतदाता सूची से काटने के लिए फार्म-7 भरकर जमा किया गया है।




सरोजनी नगर विधान सभा पोलिंग बूथ संख्या 201 में समाजवादी पार्टी समर्थक मतदाता विशेष कर मुस्लिम एवं पी.डी.ए. मतदाताओं के नाम काटने के लिए दशरथ कुमार आवेदक के रूप में हस्ताक्षर कर के 100 से अधिक फार्म-7 जमा कर दिये गये हैं। जसवन्तनगर विधान सभा पोलिंग बूथ संख्या 323 के बी.एल.ओ. अश्वनी कुमार पुत्र जगदीश सिंह ने पुलिस थानाध्यक्ष चौबिया इटावा को एफ.आई.आर. दर्ज करने के लिए लिखित तहरीर दिया है कि भा.ज.पा. के मण्डल अध्यक्ष ध्रुव कठेरिया व भा.ज.पा. नेता उदय प्रताप कठेरिया व एक अन्य व्यक्ति द्वारा फार्म-7 पर मुझसे जबरन हस्ताक्षर करवा कर रिसीविंग लेने के लिए दबाव बना रहे थे। बी.एल.ओ. द्वारा यह कहने पर कि फार्म-7 पहले जाँच होगी उसके बाद ही रिसीविंग दी जायेगी भा.ज.पा. के मण्डल अध्यक्ष ध्रुव कठेरिया व उदय प्रताप कठेरिया द्वारा बी.एल.ओ. का कालर पकड़ कर अभद्र व्यवहार किया गया ।

### सीड पार्क से किसानों को प्राप्त होंगे उच्च गुणवत्ता वाले बीज

# अटारी के सीड पार्क' की स्थापना के लिए 51.33 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश के कृषि क्षेत्र में व्यापक सुधार लाने और कृषि क्षेत्र की उत्पादकता तथा उत्पादन में वृद्धि करने के उद्देश्य से विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं हेतु कुल 65.15 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस क्रम में लखनऊ स्थित राजकीय कृषि प्रक्षेत्र 'अटारी' में 'भारत रत्न चौधरी चरण सिंह सीड पार्क' की स्थापना के लिए 51 करोड़ 33 लाख 75 हजार रुपये की धनराशि जारी की गई है। प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इस सीड पार्क के माध्यम से किसानों को उन्नत किस्म के बीज सुलभ होंगे, जिससे उनकी आय और फसल उत्पादन में सकारात्मक बदलाव आएंगे। इसके साथ ही सरकार द्वारा



वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु 'सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन' (SMAE) योजना के मानक मदों में राज्यांश सम्मिलित करते हुए कुल 9 करोड़ 5 लाख 62 हजार 500 रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त, 'नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल' (तिलहन विकास) के लिए 4 करोड़ 68 लाख 5 हजार 550 रुपये की धनराशि आवंटित की गई है, जिससे प्रदेश में खाद्य तेलों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिलेगा।

इसी श्रृंखला में, आचार्य नरेन्द्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, कुमारगंज, अयोध्या के अंतर्गत आजमगढ़ कैंपस में महिला छात्रावास के अवशेष निर्माण कार्यों हेतु 7.66 लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सरकार द्वारा जारी इन निवेशों से उत्तर प्रदेश के कृषि परिदृश्य में संरचनात्मक सुधार होंगे और तकनीकी प्रसार को मजबूती मिलेगी।

### तलाश : खुद को एटीएस अफसर बताकर गिरफ्तारी का डर दिखाया और दंपती को शिकार बना लिया

# एटीएस अधिकारी बन बुजुर्ग दंपती को 14 दिन रखा डिजिटल अरेस्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। आलमबाग निवासी बुजुर्ग ट्रांसपोर्ट व्यवसायी राकेश बाजपेयी और उनकी पत्नी वीना बाजपेयी को 14 दिन डिजिटल अरेस्ट रखकर 90 लाख रुपये ठगने वाले तीन लोगों को साइबर क्राइम टीम ने गिरफ्तार किया है।

जालसाजों ने खुद को एटीएस अफसर बताकर गिरफ्तारी का डर दिखाया और दंपती को शिकार बना लिया। पुलिस ने तीन आरोपितों को जेल भेजकर ठगी के 18 लाख रुपये रिकवर किए हैं।

पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) साइबर अपराध कमलेश दीक्षित ने बताया कि 26 जनवरी 2026 को वीना के मोबाइल फोन पर एटीएस मुख्यालय में तैनात इंस्पेक्टर रंजीत कुमार नाम से एक फोन आया। उसने वीना पर आतंकवाद, मनी लांड्रिंग में शामिल होने का आरोप लगाया। गिरफ्तारी का डर दिखाते हुए उनसे सिग्नल एप डाउनलोड कराया। एप के माध्यम से अजय प्रताप श्रीवास्तव नाम के युवक ने वीना को फोन किया और उसने खुद को एटीएस का अफसर बताया।



बैंक खातों में जमा रकम की जांच और गिरफ्तारी से बचाने के नाम पर जालसाजों ने वीना और उनके पति के खातों में जमा 90 लाख रुपये 29 जनवरी से नौ फरवरी के बीच ट्रांसफर करा लिए।

जालसाजों ने 11 लाख रुपये और मांगे। रकम ने दे पाने पर दंपती से गाली-गलौज की गई। ठगी का एहसास होने पर पीड़ितों ने साइबर क्राइम थाने में मुकदमा दर्ज कराया। डीसीपी के मुताबिक, पुलिस ने जिस खाते में रकम भेजी गई थी उसकी जांच की तो गोरखपुर के पिपराइच स्थित निषाद चौराहा निवासी मयंक श्रीवास्तव का नाम पता चला। मयंक को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उसने बताया कि आर्थिक तंगी और कर्ज लेने के चलते उसकी गाजियाबाद के निवाड़ी निवासी इरशाद से उसकी मुलाकात हुई। इरशाद ने उसे दिल्ली बुलाया और पहाड़गंज के एक होटल में ठहराया।

- होटल में इरशाद के साथ ही दिल्ली के प्रेमनगर मुंडका निवासी मनीष उर्फ आकाश और जीतू उर्फ जितेंद्र से मुलाकात हुई। इसके बाद मयंक को चांदनी चौक, नोएडा के परी चौक स्थित होटलों में ठहराया।
- जालसाजों ने खाता किराये पर देने के बदले मयंक को 10 हजार रुपये दिए और दो लाख बाद में देने का आश्वासन दिया। मयंक की निशानदेही पर पुलिस ने इरशाद और आकाश को गिरफ्तार किया। पूछताछ में इरशाद ने बताया कि वह तीन प्रतिशत कमीशन के लिए ठगी का काम करता है।

## नंबर देने वाले की तलाश

साइबर क्राइम थाने के इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार यादव ने बताया कि ठगों को पीड़ितों के नंबर कहां से मिलते थे, यह पता लगाया जा रहा है। जांच में पता चला कि आरोपित समय-समय पर अपने स्थान बदल देते थे। गिरफ्तारी से बचने के लिए इंटरनेट काल और फर्जी नामों का प्रयोग करते थे।

वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी में अम्बेडकरनगर की भागीदारी सुनिश्चित करने जिलाधिकारी ने बुलाई अहम बैठक

# जिलाधिकारी ने निवेश कृषि और रोजगार सृजन पर की समीक्षा



चर्चा

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अम्बेडकरनगर। प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को साकार करने के लिए अम्बेडकरनगर में जनपद की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार को महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कृषि, निवेश, उद्योग और रोजगार सृजन से जुड़े ठोस प्रस्तावों पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने पर भी चर्चा हुई। टांडा क्षेत्र में फ्लोटिंग रेस्टोरेंट स्थापित करने और स्थानीय व्यंजनों का प्रचार करने



जैसे नवाचारी प्रोजेक्ट प्रस्तावित किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे परियोजनाएं जनपद की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

जिलाधिकारी ने अम्बेडकरनगर में समग्र "फूड हब" विकसित करने का निर्देश दिया। योजना के तहत प्रदेश के 75 जनपदों के "एक जनपद एक व्यंजन" कार्यक्रम को लागू कर स्थानीय व्यंजनों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई जाएगी। यह पहल खाद्य प्रसंस्करण और विपणन के क्षेत्र में जनपद को नई पहचान देगी।

बैठक में सभी अधिकारियों को समन्वय स्थापित कर योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि निवेश, कृषि उत्पादन, प्रोसेसिंग यूनिट और पर्यटन क्षेत्रों में तेज और प्रभावी कार्रवाई से अम्बेडकरनगर प्रदेश की आर्थिक प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा सकेगा। बैठक में उपनिदेशक कृषि, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्यान अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक, जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी, उद्यमी मित्र, मत्स्य अधिकारी और जनपद के प्रगतिशील कृषक उपस्थित रहे।

### बैठक में चर्चा के प्रमुख बिंदु

**फिश मंडी और मत्स्य उत्पादन:** आधुनिक फिश मार्केट और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से मत्स्य उत्पादन में वृद्धि।

**पॉलीहाउस और मशरूम उत्पादन:** किसानों को उन्नत पॉलीहाउस और मशरूम उत्पादन तकनीक उपलब्ध कराना।

**फूड प्रोसेसिंग यूनिट:** स्थानीय उत्पादों पर आधारित प्रोसेसिंग और पैकेजिंग इकाईयों की स्थापना।

**कृषि प्रशिक्षण:** विशेषज्ञों के माध्यम से फसल उत्पादन और प्रबंधन में किसानों को प्रशिक्षण।

### कृषि क्षेत्र में उन्नति और वैल्यू एडिशन पर जोर

जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश दिए कि कृषकों को आधुनिक तकनीक और प्रशिक्षण उपलब्ध कराकर उनकी आय बढ़ाई जाए। कृषि उत्पादों के प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित कर वैल्यू एडिशन को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके तहत धान, गन्ना और अन्य कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण से स्थानीय रोजगार और आर्थिक विकास दोनों को बढ़ावा मिलेगा।

# दरगाह किछौछा की चूड़ी गली में भीषण आग, 10 गुमटीनुमा दुकानें राख

## रात एक बजे मची अफरातफरी, लाखों का नुकसान

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । बसखारी थाना क्षेत्र स्थित दरगाह किछौछा की चूड़ी गली में मंगलवार देर रात भीषण आग लग गई। रात करीब एक बजे उठी लपटों ने देखते ही देखते लगभग दस गुमटीनुमा दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। आग से दुकानों में रखा सामान जलकर राख हो गया। आग की चपेट में मेराज का जनरल स्टोर, हसीब की खिलौना-चूड़ी की दुकान, वाजिद की खिलौनों की दुकान और सिराजुद्दीन की चूड़ी की दुकान आ गई। जियावन गुप्ता और मुमताज शाह की चादर-सिन्नी की दुकानें भी पूरी तरह प्रभावित हुईं।

इसके अलावा चुन्नू शाह और वसीम इशहाक शाह की आयुर्वेदिक दवाखाने की दुकान भी जलकर खाक हो गई। प्रारंभिक आकलन के अनुसार सभी दुकानों में रखा माल



पूरी तरह नष्ट हो गया है।

आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों ने भी आग बुझाने में सहयोग किया। कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका, लेकिन तब तक अधिकांश दुकानें जल चुकी थीं।

थाना प्रभारी सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। पुलिस टीम मौके पर जांच में जुटी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल रहा। प्रशासन ने लोगों से सतर्क रहने और विद्युत उपकरणों की नियमित जांच कराने की अपील की है।

फास्ट न्यूज

### रेलवे ट्रैक पर 17 वर्षीय छात्रा की मौत

अम्बेडकरनगर । मालीपुर थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक 17 वर्षीय किशोरी की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। घटना मालीपुर-जाफरगंज टिकरी के पास रेलवे लाइन पर हुई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मृतका की पहचान खजूरी गांव निवासी मनीषा पुत्री रामकुमार के रूप में हुई है। वह इंटरमीडिएट की छात्रा थी और खजूरी बाजार स्थित राम अवतार इंटर कॉलेज में अध्ययनरत थी।

### पीएचसी तारखुर्द में बिना डॉक्टर चल रही ओपीडी, व्यवस्थाएं ध्वस्त

अम्बेडकरनगर। अकबरपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तारखुर्द इन दिनों अव्यवस्था का केंद्र बना हुआ है। यह केंद्र अम्बेडकरनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरानपुर के अधीन संचालित होता है। यहां न तो नियमित अधीक्षक की तैनाती है और न ही स्थायी चिकित्सक उपलब्ध हैं, इसके बावजूद ओपीडी का संचालन जारी है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार वर्तमान में फार्मा कर्मी द्वारा ही ओपीडी चलाई जा रही है। बिना चिकित्सक के मरीजों की जांच और उपचार किए जाने को स्वास्थ्य मानकों के विपरीत बताया जा रहा है।

### 9 मरीजों की आंख निकालनी पड़ी, 9 की रोशनी गई

गोरखपुर । गोरखपुर में मोतियाबिंद के ऑपरेशन के बाद 9 मरीजों की आंख निकालनी पड़ी। जबकि 9 के आंखों की रोशनी चली गई। हालांकि एक मरीज की रोशनी बाद में वापस आ गई है।

1 फरवरी को न्यू राजेश हाईटेक हॉस्पिटल में आई कैंप लगा था। 30 मरीजों का मोतियाबिंद का ऑपरेशन हुआ था। 24 घंटे में ही उनकी हालत बिगड़ने लगी।

# अलीगंज थाना क्षेत्र में युवती की फांसी से मौत

## तीन युवकों के खिलाफ मामला दर्ज

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । अलीगंज थाना क्षेत्र के बिहरा गांव में 18 वर्षीय युवती द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने युवती के पिता की तहरीर पर तीन युवकों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

मृतका के पिता संतोष कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि कुछ युवकों ने उनकी पुत्री के साथ अभद्र व्यवहार किया और उसका मोबाइल फोन छीन लिया। परिवार के अनुसार यह घटना युवती के लिए मानसिक रूप से परेशान करने वाली साबित हुई। तहरीर में यह भी उल्लेख है कि युवती का गांव के एक युवक से परिचय था। इसी



संदर्भ में मोबाइल फोन को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ था। परिजन आरोप लगाते हैं कि इसी तनाव और दबाव के कारण युवती ने यह कदम उठाया। पुलिस ने नामजद तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया और उन्हें जेल भेज दिया गया। तीसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अभियान जारी रखे हुए है। सीओ टांडा शुभम कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस हर पहलू की जांच कर रही है।

# दिग्विजय सिंह की जमीन पर दाखिल-खारिज अर्जी खारिज

## आलापुर तहसील के रामनगर महुवर गांव का मामला

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह से जुड़ी जमीन के विवाद में नायब तहसीलदार कोर्ट ने महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया है। आलापुर तहसील स्थित भूमि के दाखिल-खारिज के लिए प्रस्तुत अर्जी को साक्ष्य के अभाव में खारिज कर दिया गया है।

यह प्रकरण आलापुर तहसील क्षेत्र के रामनगर महुवर गांव के गाटा संख्या 1235 क से संबंधित है। करीब 0.152 हेक्टेयर क्षेत्रफल की यह भूमि वर्तमान में दिग्विजय सिंह के नाम दर्ज है। बताया गया कि पहले यह जमीन उनकी मां के नाम थी और 18 मई 2024 को वरासत के आधार पर उनके नाम दर्ज की गई थी। भूमि की अनुमानित कीमत



लगभग 50 लाख रुपये आंकी गई है। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि मुख्तार-ए-आम तैयार करते समय नाम और हस्ताक्षर में विसंगति पाई गई। बताया गया कि दिग्विजय सिंह के स्थान पर 'दुर्विजय सिंह' नाम का प्रयोग किया गया था। पते में भी अंतर मिलने की बात कही गई। जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी गई थी। फर्जी मुख्तार-ए-आम से जुड़े प्रकरण की कार्रवाई अभी लंबित बताई जा रही है। 19 फरवरी 2025 को राजबहादुर और अन्य लोगों ने आलापुर तहसील में दाखिल-खारिज के लिए आवेदन किया।

### 1989 के कथित बैनामे से शुरू हुआ विवाद

विवाद की जड़ वर्ष 1989 में हुए एक कथित बैनामे से जुड़ी है। आरोप है कि हंसवर क्षेत्र के ग्राम क्वेटला निवासी रामहरक चौहान ने खुद को दिग्विजय सिंह का मुख्तार-ए-आम बताते हुए उक्त भूमि जियालाल, राजबहादुर और मंगली के नाम कर दी थी। मामला तब प्रकाश में आया जब फरवरी 2025 में जमीन पर निर्माण कार्य शुरू किया गया। इसके बाद पूर्व मुख्यमंत्री के केयरटेकर अनिल यादव ने जिला प्रशासन से शिकायत की। प्रशासनिक स्तर पर मामले की जांच कराई गई।

# बोर्ड परीक्षा देकर लौट रहे तीन छात्र सड़क हादसे में घायल

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । हंसवर थाना क्षेत्र में बुधवार को सड़क दुर्घटना में हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा देकर लौट रहे तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा मियापुर कैथोलि हनुमान मंदिर के पास हुआ, जहां तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर खड़ी दूसरी बाइक से टकरा गई।

घायलों की पहचान गणेशपुर निवासी राजन पुत्र शिवम, लंगड़ी पृथ्वीपुर निवासी गोलू पुत्र सुरेश और धीरज पुत्र महेंद्र के रूप में हुई है। तीनों की उम्र करीब 17 वर्ष बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार तीनों छात्र रामराजी देवी इंटर कॉलेज, नारायणपुर प्रीतमपुर के विद्यार्थी हैं। उनका हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा केंद्र रंगे राघव इंटर कॉलेज में निर्धारित था। परीक्षा के पहले दिन पेपर देने के बाद तीनों एक ही बाइक से अपने घर की ओर लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बाइक की रफ्तार अधिक



थी। इसी दौरान मियापुर कैथोलि स्थित हनुमान मंदिर के पास सड़क किनारे खड़ी एक प्लैटिना बाइक से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर के बाद तीनों छात्र सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ घटनास्थल पर एकत्र हो गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अभिनेष कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने स्थिति का जायजा लिया और तत्काल घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजने की व्यवस्था की।

स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलाकर तीनों छात्रों को बसखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

सरकारी एंबुलेंस के नाम पर प्राइवेट वाहन पहुंचने का मामला

# मेडिकल कॉलेज सदरपुर में शव वाहन सेवा पर सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज, सदरपुर में शव को घर पहुंचाने की प्रक्रिया को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। मामला तब उजागर हुआ जब एक मरीज की मृत्यु के बाद परिजनों ने सरकारी एंबुलेंस सेवा का सहारा लिया, लेकिन अस्पताल परिसर में प्राइवेट एंबुलेंस पहुंच गई और किराया मांगा गया।

परिजनों के अनुसार उन्होंने आधिकारिक हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर शव को कटेहरी स्थित गांव पहुंचाने की मांग की थी। कॉल रिसीव करने वाले कर्मी ने एंबुलेंस भेजने का आश्वासन दिया था।

सूत्रों के अनुसार मेडिकल कॉलेज





परिसर में सरकारी शव वाहन की उपलब्धता को लेकर अक्सर टालमटोल की जाती है। आरोप है कि सरकारी एंबुलेंस उपलब्ध न होने का हवाला देकर प्राइवेट वाहन भेजे जाते हैं। फोन पर संपर्क करने पर जिम्मेदार कर्मियों के बीच एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने की स्थिति भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि बाद में प्राइवेट एंबुलेंस के माध्यम से शव भेजकर भुगतान लिया जाता है। मामला सामने आने के बाद स्थानीय स्तर पर जांच की मांग उठने लगी है। परिजनों का कहना है कि सरकारी सेवा उपलब्ध होने के बावजूद यदि प्राइवेट एंबुलेंस के जरिए वसूली की जा रही है तो यह गंभीर विषय है। फिलहाल इस पूरे प्रकरण को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। मामले की सत्यता और जिम्मेदारी तय होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

### दूरी के हिसाब से वसूली का आरोप

स्थानीय सूत्रों का दावा है कि यह कोई एकल घटना नहीं है। आरोप है कि हेल्पलाइन पर कॉल रिसीव होने के बाद सूचना प्राइवेट एंबुलेंस संचालकों तक पहुंचाई जाती है। दूरी के आधार पर 20-30 किलोमीटर के लिए 800 से 1000 रुपये और 50 किलोमीटर या उससे अधिक दूरी के लिए 1500 रुपये या उससे अधिक वसूले जाने की बात सामने आ रही है।

### 15 मिनट में पहुंची प्राइवेट एंबुलेंस, मांगे 1500 रुपये

जानकारी के मुताबिक, कॉल के करीब 15-20 मिनट बाद अस्पताल परिसर में एक प्राइवेट एंबुलेंस पहुंची। उसके कर्मी ने शव ले जाने के लिए दूरी के आधार पर 1500 रुपये की मांग की। जब परिजनों ने सरकारी सेवा के बारे में सवाल उठाया तो उन्हें बताया गया कि सरकारी एंबुलेंस उपलब्ध नहीं है और यह प्राइवेट सेवा है।

बताया गया कि गांव की दूरी करीब 40 से 50 किलोमीटर है, जिसके आधार पर किराया तय किया गया। परिजन इस स्थिति से हैरान रहे, क्योंकि उन्होंने स्पष्ट रूप से सरकारी एंबुलेंस सेवा की मांग की थी।

# डॉ. मनीष कुमार पाण्डेय की प्रथम पुण्यतिथि पर वृद्धाश्रम में श्रद्धांजलि

## दंत चिकित्सक की स्मृति में भोजन और फल वितरण

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । दंत चिकित्सक स्वर्गीय डॉ. मनीष कुमार पाण्डेय की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार को दाहिरपुर स्थित वृद्धाश्रम में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वृद्धजनों को भोजन और फल वितरित कर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में जिले के चिकित्सा क्षेत्र के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. आशुतोष पाण्डेय, कॉर्डियोलॉजिस्ट और सत्य साईं हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय, उर्मिला हॉस्पिटल एंड क्रिटिकल सेंटर के निदेशक सहित विभिन्न स्वास्थ्य विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

भारतीय जनता पार्टी के स्थानीय नेता अमित कुमार तिवारी, जिला मंत्री विनय पाण्डेय, प्रदीप त्रिपाठी,





दीपक सिंह, नीतीश तिवारी, आलोक त्रिपाठी, अदिति त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने भी स्वर्गीय डॉ. मनीष कुमार पाण्डेय को श्रद्धासुमन अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन व्यवस्थित रूप से किया गया और वृद्धाश्रम प्रशासन ने सभी व्यवस्थाओं में सहयोग प्रदान किया। उपस्थित लोगों ने वृद्धजनों के साथ समय बिताया और उन्हें स्वास्थ्य व सामाजिक कल्याण योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

### वृद्धजनों के लिए विशेष पहल

कार्यक्रम के दौरान वृद्धाश्रम में निवास कर रहे बुजुर्गों को पौष्टिक भोजन और ताजे फल वितरित किए गए। उपस्थित चिकित्सकों और गणमान्य नागरिकों ने वृद्धजनों के साथ संवाद भी किया और स्वास्थ्य तथा सामाजिक कल्याण के विषय में जानकारी साझा की।

डॉ. मनीष कुमार पाण्डेय की स्मृति में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल उनकी चिकित्सकीय सेवाओं और समाजसेवा को याद करना था, बल्कि समाज के कमजोर और वृद्ध वर्ग के लिए सहायता प्रदान करना भी था।

# 22 फरवरी को वृहद विधिक साक्षरता शिविर की तैयारी

## तहसील जलालपुर में प्री लघु शिविर

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । तहसील जलालपुर परिसर में 18 फरवरी 2026 को प्री लघु शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 22 फरवरी को लोहिया भवन, अकबरपुर में आयोजित होने वाले वृहद विधिक साक्षरता और सेवा शिविर (मेगा शिविर) के सफल संचालन की तैयारी के तहत आयोजित किया गया था।

प्री लघु शिविर में उपस्थित नागरिकों को समाज कल्याण विभाग, श्रम विभाग और जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

समाज कल्याण विभाग: संबंधित योजनाओं और लाभार्थियों की पात्रता के विषय में जानकारी। श्रम विभाग:



श्रमिकों के लिए आर्थिक सहायता, पेंशन योजना, चिकित्सा सहायता और अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग: दिव्यांगजन पेंशन योजना और दिव्यांगजन के लिए उपलब्ध उपकरणों की जानकारी, साथ ही पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण। प्री लघु शिविर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बेडकरनगर के प्रतिनिधियों ने उपस्थित नागरिकों को निःशुल्क विधिक सेवा और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी।


अवलोकन : प्रशासनिक कार्यप्रणाली और अभिलेखों की समीक्षा

# जिलाधिकारी का औचक निरीक्षण

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । कलेक्ट्रेट परिसर में बुधवार को जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने विभिन्न अनुभागों और पटलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य कार्यालयों की कार्यप्रणाली, अभिलेखों के रख-रखाव और लंबित प्रकरणों की स्थिति का गहन अवलोकन करना था।

जिलाधिकारी ने भूलेख/राजस्व अभिलेखागार, न्याय सहायक पटल, खनन अनुभाग, आंग्ल अभिलेखागार, न्यायिक अभिलेखागार, नागरिक सुरक्षा कोर कक्ष, संयुक्त कार्यालय तथा आयुध सहायक पटल का क्रमवार निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अभिलेखों की सुव्यवस्थित व्यवस्था, पत्रावलियों के समय पर निस्तारण और आमजन





से संबंधित प्रकरणों की स्थिति का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) रंजीत सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि कार्यालयीन प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बनाए रखी जाए और आमजन की शिकायतों का समाधान समय पर सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कलेक्ट्रेट में आने वाले नागरिकों को लंबित मामलों और प्रपत्रों के लिए इंतजार नहीं करना चाहिए। प्रत्येक कार्यालय को अपनी कार्यप्रणाली को त्वरित और जवाबदेह बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने होंगे।

### अधिकारियों से ली अद्यतन जानकारी

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से विभिन्न पटलों पर चल रहे कार्यों की अद्यतन जानकारी प्राप्त की। लंबित मामलों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर जोर देते हुए उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन को त्वरित और प्रभावी सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता हो। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रत्येक विभाग और पटल को नियमित रूप से अपने अभिलेख और दस्तावेज व्यवस्थित रखने चाहिए। किसी भी प्रकार की अनियमितता या विलंब को रोकने के लिए सभी कार्यालयों में निगरानी बढ़ाई जाए।

# 19 वर्षीय युवक गिरफ्तार पुलिस ने घर से पकड़ा

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर । जैतपुर थाना क्षेत्र में दर्ज एक मामले में पुलिस ने बुधवार सुबह बड़ी कार्रवाई करते हुए 19 वर्षीय युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी को उसके घर से हिरासत में लिया गया है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की गई।

पुलिस के अनुसार आरोपी पर जानलेवा हमला करने, गंभीर रूप से चोट पहुंचाने, मारपीट करने और आपराधिक बल प्रयोग करने जैसे आरोप हैं। दर्ज प्रकरण में हत्या के प्रयास से जुड़ी गंभीर धाराओं सहित कई अन्य प्रावधान लगाए गए हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की।

जैतपुर थाना पुलिस टीम ने ग्राम शिवपाल में सुबह करीब 10:15 बजे दबिश दी। यहां से शुभम यादव पुत्र रामआसरे यादव को नियमानुसार



गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि संबंधित प्रकरण में युवक की संलिप्तता सामने आने के बाद यह कार्रवाई की गई।

गिरफ्तारी के दौरान गांव में कुछ समय के लिए हलचल की स्थिति रही, हालांकि पुलिस की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पुलिस टीम ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपी को थाने लाया और आगे की प्रक्रिया शुरू की।

थाना प्रभारी के अनुसार गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायालय भेज दिया गया है।

# सम्पादकीय

## नफरती भाषण पर सुप्रीम कोर्ट ने दिखाया आईना



सुप्रीम कोर्ट ने नेता एवं वकील कपिल सिब्बल की उस याचिका को सुनने से मना कर सही किया, जिसमें असम, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के मुख्यमंत्रियों के बयानों को आधार बनाकर हेट स्पीच यानी नफरती भाषण के खिलाफ कठोर दिशानिर्देश बनाने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने यह पाया कि इस याचिका में भाजपा के मुख्यमंत्रियों को निशाना बनाकर यह सिद्ध करने की चेष्टा की गई थी कि केवल वही नफरती भाषण देने के आरोपित हैं।

साफ है कि इस याचिका में बड़ी चतुराई से अन्य दलों के नेताओं के विषाक्त माने जाने वाले भाषणों का जानबूझकर उल्लेख नहीं किया गया। नफरती भाषण के खिलाफ दल विशेष के नेताओं को निशाना बनाने वाली इस याचिका ने यही बताया कि याचिकाकर्ता स्वयं दुराग्रह से ग्रस्त हैं। देखना है कि वे संशोधित याचिका दायर करते हैं या नहीं और उस पर सुप्रीम कोर्ट कोई दिशानिर्देश बनाता है या नहीं? वैसे यह आसान काम नहीं, क्योंकि नफरती भाषणों के खिलाफ प्रभावी गाइडलाइंस तभी बन सकती है, जब इसे परिभाषित किया जाए कि क्या नफरती है और क्या नहीं?

इस संदर्भ में इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कई बार किसी की ओर से कटु सत्य के उल्लेख को द्वेष फैलाने वाला करार दिया जाता है तो कई बार नफरती भाषण को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का आवरण पहनाने की कोशिश की जाती है। इस सबके बीच नेताओं की ओर से नफरती या फिर विभाजनकारी अथवा भड़काऊ भाषण दिए जाने का सिलसिला कायम है।

नफरती भाषण देने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई के मामले दुर्लभ ही हैं। इसका कारण यह है कि जब कोई नेता ऐसे भाषण देता है तो उसके दल के लोग उसका बचाव करने के लिए आगे आ जाते हैं। यह भी देखा गया है कि राज्य सरकारें नफरती भाषण देने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने में प्रायः पक्षपात करती हैं। कभी वे किसी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करती हैं तो कभी किसी के घोर आपत्तिजनक बयान की भी अनदेखी कर देती हैं।

इस तरह का सबसे चकित करने वाला मामला तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि का है, जिन्होंने सनातन धर्म को डेंगू, मलेरिया जैसा बताते हुए उसके खात्मे की बात की थी, पर राज्य सरकार ने उनके खिलाफ कुछ नहीं किया, क्योंकि वे मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे हैं। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की भी अनदेखी की गई। अंततः न्यायपालिका के दखल के बाद ही उनके खिलाफ मामला दर्ज हो सका। समस्या केवल यही नहीं कि संवैधानिक मूल्यों और शिष्टाचार की अनदेखी के चलते राजनीतिक विमर्श विषाक्त होता जा रहा है और यही माहौल नफरती भाषणों का जरिया बन रहा है। समस्या यह भी है कि नियमन के अभाव में डिजिटल मीडिया में भी नफरती टिप्पणियां बेलगाम हैं। इससे भी सार्वजनिक विमर्श विषाक्त हो रहा है।

## परीक्षा : प्रतिस्पर्धा नहीं, निर्माण यात्रा

बोर्ड परीक्षाएं सर पर है और परीक्षा को लेकर बच्चों, माता-पिता और विद्यालयों के मन में एक स्वाभाविक डर एवं बेचैनी है लेकिन डरना या परेशान होना किसी समस्या का हल नहीं होता. हल है उस समस्या का शांत मन एवं सही तरीके से सामना करना।

आज का सबसे बड़ा सच यह है कि बच्चे असफलता से नहीं, अपेक्षाओं से डरते हैं। वे प्रश्नपत्र से नहीं, परिणाम से घबराते हैं। परीक्षा उनके लिए ज्ञान का उत्सव नहीं, बल्कि भय का उत्सव बनती जा रही है। ऐसे में सबसे पहली आवश्यकता मानसिक तैयारी की है।

बच्चे को यह समझाना जरूरी है कि परीक्षा जीवन नहीं है बल्कि जीवन का एक चरण मात्र है। अंक उनकी पहचान नहीं केवल एक आकलन है । परिणाम चाहे जैसा हो उसके लिए तैयार भी रहना है लेकिन बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास जरूर करना है। आत्मविश्वास, धैर्य और संतुलन ही वास्तविक सफलता की नींव हैं। बच्चों को तुलना की संस्कृति से बाहर निकालना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, क्योंकि हर बच्चा अलग क्षमता, गति और प्रतिभा लेकर जन्मता है। एक ही मापदंड से सबको तौलना न केवल अन्याय , बल्कि मानसिक हिंसा भी है। मानसिक संतुलन के लिए दैनिक जीवन में अभ्यास आवश्यक हैं। प्रतिदिन कुछ समय शांत बैठकर मन को स्थिर करना, अपनी चिंता को शब्दों में लिखकर बाहर निकालना, स्वयं से सकारात्मक संवाद करना और अपने लक्ष्य की स्पष्ट कल्पना करना छोटे मगर बड़े परिणाम देने वाले उपाय हैं। इसके साथ-साथ खान-पान की भूमिका को भी नजर-अंदाज नहीं किया जा सकता।

**डॉ घनश्याम बादल**

# अपनों के निशाने पर राहुल गांधी



> जब इस बारे में पत्रकारों ने उनसे सवाल किया कि इसका क्या मतलब है, क्या वो कांग्रेस के संगठन में सुधार चाहते हैं। इसका जवाब देते हुए दिग्विजय सिंह ने कहा था कि वो आरएसएस और भाजपा के घोर विरोधी हैं, उन्होंने केवल संगठन की तारीफ की है।

ऐसा लगता है कि धीरे-धीरे कांग्रेस के नेताओं का धैर्य जवाब दे रहा है। इसकी वजह यह हो सकती है कि कांग्रेसियों को धीरे-धीरे अहसास होने लगा है कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस सत्ता में आने वाली नहीं है। पूरा देश कांग्रेस के पतन को देख रहा है. ऐसा कैसे हो सकता है कि कांग्रेस के बड़े नेता इसे देख न रहे हों। गांधी परिवार के दो बड़े वफादार नेताओं ने राहुल की कांग्रेस पर सवाल खड़ा कर दिया है। मध्यप्रदेश के कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने कुछ समय पहले 'संगठन की शक्ति' के नाम पर एक बयान दिया था जिसका अप्रत्यक्ष रूप से निशाना राहुल गांधी ही थे । दिग्विजय सिंह ने भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी और प्रधानमंत्री मोदी की एक तस्वीर पोस्ट करके लिखा था कि चित्र बेहद प्रभावशाली है। उन्होंने लिखा था कि आरए-सएस का जमीनी स्वयंसेवक और और जनसंघ-बीजेपी का कार्यकर्ता नेताओं के चरण में बैठकर प्रदेश का मुख्यमंत्री और देश का प्रधानमंत्री बना, ये संगठन की शक्ति है। इससे यह संदेश गया कि दिग्विजय सिंह भाजपा और मोदी जी की तारीफ कर रहे हैं। उनसे पूछा गया कि क्या वो कांग्रेस के संगठन में सुधार चाहते हैं। उनका कहना था कि इसमें सुधार की गुंजाइश है और हर संगठन में सुधार की गुंजाइश रहनी चाहिए । उन्होंने कहा था कि कांग्रेस मूल रूप में एक आंदोलन की पार्टी है लेकिन अब किसी आंदोलन को वोटों में तब्दील करने में हम कमजोर पड़ जाते हैं। कांग्रेस के नेताओं ने उनके बयान पर चुप्पी साध ली थी और कहा था कि दिग्विजय सिंह ने बैठक में संगठन में सुधार की कोई बात नहीं की है। 19 दिसम्बर को अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा था कि उन्होंने राहुल गांधी से कहा है कि वो सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के साथ-साथ कांग्रेस संगठन पर भी ध्यान दें। देखा जाए तो दिग्विजय सिंह ने यह बता दिया था कि वो कांग्रेस के वर्तमान संगठन से खुश नहीं हैं। अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर ने राहुल गांधी और उनके कुछ नजदीकी नेताओं पर सीधा हमला कर दिया है। दिग्विजय सिंह ने सीधा हमला नहीं किया था लेकिन मणिशंकर अय्यर ने तो नाम लेकर हमला किया है। उन्होंने कहा है कि वो गांधीवादी, नेहरूवादी और राजीववादी हैं लेकिन राहुलवादी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी तो भूल गए हैं कि मैं भी पार्टी में हूँ। इसके अलावा उन्होंने जयराम रमेश, शशि थरूर, पवन खेड़ा और केसी वेणुगोपाल पर भी तंज कसा। कांग्रेस इस बार केरल में अपनी सरकार बनने की उम्मीद कर रही है लेकिन मणिशंकर अय्यर ने कहा कि कांग्रेस केरल में नहीं जीतेगी। सबसे बड़ी बात यह है कि उन्होंने यह बयान केरल में ही दिया है। उनका कहना है कि आगामी चुनाव के बाद भी विजयन मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे। कांग्रेस ने उनके बयानों से किनारा कर लिया है। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा कि अय्यर का अब कांग्रेस से कोई संबंध नहीं है, वो अपनी निजी हैसियत से बोल रहे थे। इससे चिढ़ कर अय्यर ने पवन खेड़ा को कठपुतली बता दिया। उन्होंने कहा कि खेड़ा दूसरों के इशारे पर बोलते हैं और उनके प्रति मेरे मन में कोई सम्मान नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रवक्ता पद पर ऐसी नियुक्ति पार्टी की मूर्खता को दर्शाती है. वो केवल जयराम के इशारों पर बोलते हैं। वह प्रवक्ता न होकर, तोता हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल पर हमला करते हुए उन्हें गुंडा करार दिया। अय्यर ने कहा कि आप कल्पना करें कि वेणुगोपाल ने वह पद संभाल रखा है, जो कभी सरदार पटेल के पास था। शशि थरूर के बारे में कहा कि वो मोदी सरकार में विदेश मंत्री का पद लेना चाहते हैं। उन्होंने शशि थरूर को सबसे बड़ा गैरसिद्धान्तवादी करियरवादी बताया और कहा कि वो नरेंद्र मोदी की कई बार प्रशंसा कर चुके हैं। उन्होंने 'इंडिया' गठबंधन को मजबूत करने के लिए तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन को सबसे उपयुक्त व्यक्ति बताया । उन्होंने कहा कि स्टालिन नारेबाजी से दूर रहकर संघवाद और नीतिगत मुद्दों को उठाते हैं और राहुल गांधी के प्रधानमंत्री बनने की राह में बाधा नहीं बनेंगे। उन्होंने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि स्टालिन 'वोट चोर, गद्दी छोड़' और 'सूट-बूट की सरकार' जैसे नारे भी नहीं देते। उन्होंने केरल कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस आगामी विधानसभा चुनाव में नहीं जीतेगी क्योंकि कांग्रेस नेता कम्युनिस्टों से जितनी नफरत करते हैं, उससे कहीं ज्यादा एक-दूसरे से नफरत करते हैं।

दिग्विजय सिंह और मणिशंकर अय्यर कांग्रेस के बड़े नेता रहे हैं, हालांकि वो अब पहले की तरह सक्रिय नहीं हैं। वैसे भी इस समय कांग्रेस में राहुल गांधी और उनकी जुंडली के कुछ नेता ही सक्रिय दिखाई दे रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने कांग्रेस संगठन पर आरोप लगाया था जिसका मतलब था कि कांग्रेस में भाजपा की तरह कार्यकर्ता मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री नहीं बन सकता। उनके द्वारा भाजपा और संघ के संगठन की तारीफ करना ही कांग्रेस के संगठन की कमी की ओर इशारा था। मणिशंकर अय्यर ने कोई इशारा नहीं किया है, सीधी बात की है। देखा जाए तो उन्होंने राहुल गांधी को अपना नेता मानने से मना कर दिया है। गांधी परिवार की भक्ति भी उन्होंने नहीं छोड़ी है, इसलिए कहा है कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

उन्होंने कहा है कि कांग्रेस को विचार करना चाहिए कि क्यों कांग्रेस के नेता पार्टी छोड़ रहे हैं। ये बात सभी जानते हैं कि राहुल गांधी से निराश होकर कांग्रेस छोड़ने वालों की गिनती करना मुश्किल है। जहां कुछ नेता राहुल गांधी के रवैये से परेशान होकर कांग्रेस को अलविदा बोल चुके हैं तो कुछ नेता कांग्रेस में अंधकारमय भविष्य को देखते हुए कांग्रेस से किनारा कर चुके हैं। राहुल गांधी के आसपास ऐसे नेताओं का जमघट है, जिनका जनता में कोई समर्थन नहीं है। देखा जाए तो राहुल गांधी की सलाहकार मंडली में सोशल मीडिया में दिखने वाले नेताओं का दबदबा है। ये नेता मीडिया में दिखाई देते हैं लेकिन जनता में इनकी पकड़ नहीं है, इसलिए इन्हें जनता के मुद्दों की भी समझ नहीं है। अय्यर ने राहुल गांधी के नारों का मजाक बनाकर बता दिया है कि राहुल गांधी के नारे हवा-हवाई हैं जिनका जनता में कोई असर नहीं है। देखा जाए तो राहुल गांधी हवा-हवाई मुद्दों को लेकर मोदी सरकार से भिड़े रहते हैं। राहुल गांधी को जनता के मुद्दों से कोई मतलब नहीं है. वो अपनी धुन में चले जा रहे हैं। यही कारण है कि उन्होंने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि स्टालिन 'वोट चोर, गद्दी छोड़' और 'सूट-बूट की सरकार' जैसे नारे भी नहीं देते। इसका मतलब है कि ऐसे नारे देना उनकी नजर में मूर्खतापूर्ण हरकत है और राहुल गांधी यही कर रहे हैं।

**राजेश कुमार पासी**

## "कचरे से धन सृजन"...

मुकेश कुमार, शोध छात्र, पर्यावरण विज्ञानं विभाग, बरेली कालेज बरेली

# घर से शुरू करें बदलाव : कचरे को बनाएं कमाई का जरिया



आज देश के अधिकांश शहर बढ़ते कचरे की गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। घरों, बाजारों, अस्पतालों और उद्योगों से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में ठोस कचरा निकलता है। सामान्यतः हम इसे केवल गंदगी और परेशानी का कारण मानते हैं, लेकिन यदि सही सोच और वैज्ञानिक प्रबंधन अपनाया जाए तो यही कचरा रोजगार, आय और विकास का मजबूत आधार बन सकता है। यही विचार "कचरे से धन सृजन" की मूल भावना है।

रोहिलखंड क्षेत्र का प्रमुख शहर-बरेलीप्रतिदिन लगभग 400-450 मीट्रिक टन ठोस कचरा उत्पन्न करता है। यदि यह कचरा बिना अलग किए खुले में डाल दिया जाए तो इससे प्रदूषण, दुर्गंध और बीमारियाँ फैलती हैं। लेकिन यदि घर-घर गीला और सूखा कचरा अलग किया जाए और उसका सही उपयोग किया जाए, तो यही कचरा आर्थिक अवसर में बदल सकता है।

समाधान की शुरुआत घर से होती है। रसोई से निकलने वाला जैविक कचरा जैसे फल-सब्जियों के छिलके और बचा हुआ भोजन घर में ही कंपोस्ट खाद में बदला जा सकता है। साधारण बाल्टी या छोटे कंपोस्ट बिन से यह काम आसानी से किया जा सकता है। इससे घर से बाहर जाने वाला कचरा कम होगा और तैयार खाद बगीचे या खेत में उपयोग



की जा सकती है। यदि कॉलोनी स्तर पर सामूहिक कंपोस्ट इकाई शुरू की जाए, तो यह एक छोटा ग्रीन स्टार्टअप बन सकता है। खाद को पैक कर बाजार में बेचकर आय अर्जित की जा सकती है।

सूखे कचरे जैसे प्लास्टिक, कागज, धातु और कांच की छंटाई कर उन्हें रीसाइक्लिंग केंद्रों तक पहुँचाया जा सकता है। इस पूरी प्रक्रिया में संग्रहण, छंटाई, परिवहन और प्रोसेसिंग-हर चरण में रोजगार के अवसर हैं। युवा "डोर-टू-डोर वेस्ट कलेक्शन" स्टार्टअप शुरू कर सकते हैं, जहां लोग मासिक शुल्क देकर कचरा उठवाते हैं। प्लास्टिक और कागज से बने नए उत्पाद बाजार में बिकते हैं, जिससे उद्योगों और कामगारों दोनों को लाभ होता है।

जैविक कचरे से बायोगैस बनाकर ऊर्जा उत्पादन भी किया जा सकता है। छोटे स्तर पर बायोगैस प्लांट लगाकर रसोई गैस तैयार की जा सकती है, जबकि बड़े स्तर पर "वेस्ट टू एनर्जी" संयंत्र बिजली उत्पादन कर सकते हैं। इससे न केवल कचरा कम होगा बल्कि ऊर्जा के नए स्रोत भी मिलेंगे।

सरकार ने भी इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।स्वच्छ भारत मिशनके तहत देशभर में ठोस कचरा प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है और घर-घर कचरा पृथक्करण पर जोर दिया जा रहा है। Waste to Wealth Mission का उद्देश्य तकनीक और नवाचार के माध्यम से कचरे को संसाधन में बदलना है। वहीं Solid Waste Management Rules के अंतर्गत गीला और सूखा कचरा अलग करना अनिवार्य किया गया है, जिससे रीसाइक्लिंग उद्योगों और स्टार्टअप को बढ़ावा मिलता है।

इन योजनाओं के माध्यम से सरकार प्रशिक्षण, बैंक ऋण, सब्सिडी और सार्वजनिक-निजी भागीदारी के अवसर प्रदान कर रही है। युवा कंपोस्ट यूनिट, रीसाइक्लिंग केंद्र या बायोगैस प्लांट स्थापित कर स्वरोजगार शुरू कर सकते हैं। स्वयं सहायता समूह इस क्षेत्र में संगठित रूप से कार्य कर स्थायी आय अर्जित कर सकते हैं।

स्पष्ट है कि कचरा स्वयं में समस्या नहीं है, बल्कि उसका गलत प्रबंधन समस्या है। यदि हर परिवार कचरा अलग करना अपनी आदत बना ले और स्थानीय स्तर पर छोटे-छोटे स्टार्टअप शुरू हों, तो शहर का कचरा कम होगा और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

"कचरे से धन सृजन" केवल एक नारा नहीं, बल्कि भविष्य की आर्थिक और पर्यावरणीय रणनीति है। बरेली जैसे शहर यदि इस मॉडल को अपनाएँ, तो वे स्वच्छता, स्वास्थ्य और आर्थिक समृद्धि-तीनों क्षेत्रों में उदाहरण बन सकते हैं। अब समय है कि हम कचरे को बोझ नहीं, बल्कि अवसर मानें और घर से ही परिवर्तन की शुरुआत करें।

## आईएमडी...

पुनीत उपाध्याय

# फरवरी की यह गर्मी नहीं आम, फूड चेन पर पड़ सकता है असर



फरवरी को सर्दी का महीना माना जाता है लेकिन तापमान को लेकर अप्रत्याशित बदलाव देखने को मिलने लगा है। तपिश गर्मी का अहसास कराने लगी है। देश की राजधानी दिल्ली की बात करें तो 16 फरवरी को साल का सबसे गर्म दिन रहा। सुबह की ठंड कम हो रही है और कोहरा मुश्किल से दिख रहा है। दिन का तापमान भी 30 डिग्री के आसपास तक पहुंच जाता है। ऐसी गर्मी आम नहीं है। इंडियन एक्सप्रेस में हाल में प्रकाशित एक आलेख के अनुसार चल रहे सर्दियों के मौसम के बावजूद मुंबई में असामान्य रूप से ज़्यादा तापमान में तप रहा है पिछले हफ़्ते अधिकतम तापमान लगातार सामान्य से 3.4 डिग्री ज़्यादा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों ने तापमान में हालिया बढ़ोतरी का कारण पूर्वी हवाओं का आना या समुद्र के बजाय ज़मीन की तरफ़ से आने वाली गर्म हवाओं को बताया है।

आईएमडी के वैज्ञानिकों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से निचले लेवल पर पूर्वी हवाएं चल रही हैं जो ज़मीन से गर्म हवाओं के आने का इशारा है। इससे पिछले हफ़्ते टेम्परेचर में बढ़ोतरी हुई है। मुंबई में आमतौर पर अरब सागर से आने वाली ठंडी हवाएं चलती हैं। ज़मीन पानी के मुकाबले तेज़ी से गर्म होती है और अंदरूनी इलाकों से आने वाली हवाएं गर्म सूखी हवा लाती हैं जिससे दिन का टेम्परेचर बढ़ जाता है। इस सीज़न में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस भी कम देखे गए हैं. ये वे वेदर सिस्टम हैं जो आमतौर पर नॉर्थ इंडिया में बादल, बारिश या स्नोफॉल लाते हैं और वेस्टर्न इंडिया में टेम्परेचर कम करने में मदद करते हैं। साल 2025 की फरवरी 125 साल में सबसे गर्म महीना था। इससे पहले 2024 को 1901 के रिकॉर्ड में सबसे गर्म साल घोषित किया गया था। एक्सपर्ट के अनुसार तापमान में अप्रत्याशित बढ़ोतरी लोगों की सेहत पर भी असर डाल सकती है। इसलिए बढ़ते तापामान के लिए बेहतर अर्बन प्लानिंग, ज़्यादा ग्रीन कवर और बेहतर वॉटर मैनेजमेंट की ज़रूरत है। बेहतर अर्ली वॉर्निंग सिस्टम भी अब जरुरी हो गया है। डाउन टू अर्थ में छपे एक अन्य आलेख के अनुसार देशभर मे 36 में से 27 शहरों में फरवरी के पहले 15 दिनों के दौरान अधिकतम दिन का तापमान सामान्य से अधिक दर्ज किया गया। रात का तापमान यानी न्यूनतम तापमान भी ऊंचा रहा। 20 राज्यों में पहले 15 दिनों में से कम से कम 10 दिनों तक रात का तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किया गया। उत्तर भारत में बेमौसमी गर्मी का असर खास तौर पर अधिक स्पष्ट रहा। यहां 27 में से 15 शहरों में अधिकतम और न्यूनतम दोनों तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज किए गए। आमतौर पर कड़ाके की सर्दी के लिए पहचाने जाने वाले इस क्षेत्र में मौसमी पैटर्न से यह बड़ा अंतर था। नई दिल्ली, जयपुर, जम्मू, हिसार, लुधियाना, लखनऊ और चंडीगढ़ जैसे शहरों में अधिकतम और रात का तापमान इस समय के औसत से कई डिग्री अधिक रहा और कई बार 25 डिग्री सेल्सियस से भी ऊपर पहुंच गया।

## जरा हटके

## हैरत की बात है कि...

कमलेश पांडेय

# आखिर जातीय, धार्मिक व क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काने वाली लोकतांत्रिक प्रवृत्ति पर कैसे पाएंगे काबू?

दुनिया को 'वसुधैव कुटुम्बकम' का संदेश देने वाला जनतांत्रिक भारत आज जातीय, धार्मिक और क्षेत्रीय भावनाओं को भड़काने वाली 'ब्रितानी' व 'मुगलिया' सियासत के चक्रव्यूह में फंसा पड़ा है। इससे 'सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया' जैसी उसकी उदात्त सोच भी कठघरे में खड़ी प्रतीत हो रही है। यहां की प्रतिभाशाली और प्रभुत्ववाली सामान्य जातियों (सवर्णों) के खिलाफ देश में जो लक्षित पूर्वाग्रही राजनीति कथित दलित-ओबीसी नेताओं के द्वारा की जा रही है, उससे देश व समाज के सामने विभिन्न नैतिक व वैधानिक सवाल उठ खड़े हुए हैं!

हैरत की बात है कि सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की जगह बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के नारे लगाए जाते हैं। कहीं जाति, कहीं धर्म और कहीं भाषा-क्षेत्र के नाम पर लोगों के उत्पीड़न हो रहे हैं। वहीं कहीं सामाजिक न्याय आधारित आरक्षण और साम्प्रदायिक सोच आधारित अल्पसंख्यकवाद के अव्यवहारिक पहलुओं को हवा देकर आमलोगों को उल्लू बनाया जा रहा है। आलम यह है कि ऐसे करने वाले नेता, उनके हमकदम मस्त हैं जबकि आमलोग त्रस्त हैं। हद तो यह कि हमारे संविधान के संरक्षक अनर्गल दलीलें देकर मानवता का गला घोंट रहे हैं जबकि यही प्रवृत्ति कतिपय संविधान निर्माताओं में भी दिखी थी। वहीं आज के कथित रखवाले जन्मांध 'धृतराष्ट्र' की भूमिका निभा रहे हैं। इनके जैसे ही नेताओं की खामोशी से जहां 1947 में साम्प्रदायिक विभाजन हुआ, वहीं इनके षडयंत्र से आजादी के बाद से ही जातीय, क्षेत्रीय व नवसंप्रदायिक विभाजन की प्रवृत्ति हावी होती दिख रही है,



जो आज भी जारी है। ऐसे में एक और महाभारत छिड़ना तय है। पुनः विभाजन होना तय है। इतिहास साक्षी है कि जब कभी भी महाभारत होता है तो संख्याबल पर बुद्धिबल ही भारी पड़ती है और आगे भी यही होगा।

कहना न होगा कि कोई भी लोकतंत्र स्वतंत्रता, समानता व बन्धुत्व की बुनियाद पर मजबूत होता है, लेकिन जब बहुमत की सियासी शरारत शुरू हो जाए और वामपंथियों के वर्गवादी राजनीति को मात देने के लिए पूंजीवादी प्रभाव वश जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र की सियासत तेज हो जाए तो देर सबेर राष्ट्र राज्य का बिखरना तय होता है। इसलिए इनसे जुड़े राजनीतिक हथकंडों और उन्हें शह देने वाले संवैधानिक प्रावधानों को यदि समय रहते ही नहीं बदला गया तो बाद में इन्हें नियंत्रित करना आसान नहीं होगा! ऐसा इसलिए कि जातिवादी कैंसर, सांप्रदायिक एड्स और क्षेत्रवादी तपेदिक (टीबी) से शांतिप्रिय व सहनशील भारतीय समाज सदियों से ग्रसित है लेकिन बीती सदी में इन्हें एक कानूनी स्वरूप देकर स्थिति को जटिल चुनौती बना दी गई है। किसी समूह के इतिहास को साक्षी मानकर उनके वर्तमान को रौंदने की जो सियासी प्रवृत्ति भारत में हावी है, उससे सामान्य व कथित सवर्ण जातियों में भारी रोष व्याप्त है।

इसलिए समावेशी संवैधानिक प्रावधानों, हिंसा-प्रतिहिंसा पर समान कानूनी सख्ती और सामाजिक जागरूकता के संयोजन से ही अब इस जटिल स्थिति से निबटना संभव है, लेकिन हमारी सियासी सोच इसके विपरीत है। वह आज भी विदेशी फूट डालो, शासन करो पर केंद्रित है। लिहाजा, कतिपय कानूनी उपाय अपेक्षित हैं। पहले चुनाव आयोग को राजनीतिक दलों और नेताओं के भाषणों पर सख्त निगरानी रखनी चाहिए, तथा IPC की धारा 153A (समूहों के बीच शत्रुता फैलाना), 295A (धार्मिक भावनाएं ठेस पहुंचाना) और प्रतिनिधित्व ऑफ पीपल एक्ट की धारा 123(3) के तहत तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही मौजूदा कानूनों को और सख्त बनाकर, जैसे नफरत भरी भाषा पर त्वरित गिरफ्तारी और पार्टी मान्यता रद्द करने का प्रावधान जोड़ना, ऐसे हथकंडों पर अंकुश लग सकता है।

# संसार समुद्र तरना

ज्ञानी संतो की वाणी हमको मिली।सत्य और अहिंसा की शक्ती मिली। हम फिर भी भौतिकवाद और उपभोक्तावादी चकाचौंध मे फँस गयें हैं । क्योंकि इतना जानने के बाद समझने के बाद मन मे जीवन में दिशाहीन??? क्योंकि -हमने ख़ुद को संसार की इस क्षणभंगुरता में जकड़ लिया हैं । हमको कोई डर-भय नही हैं । यह सही हैं क्योंकि हम सबकी प्रायः यही कहानी हैं । शरीर एक नौका हैं । वह जीव नाविक हैं । यह संसार एक समुद्र हैं । महर्षि इस संसार रूपी समुद्र को शरीर रूपी नौका से तर जातें हैं । जहाज पानी में तैरता है। वह हमारी गफलत या नादानी से जब तक नहीं डूबता , पानी अंदर नहीं आ जाता हैं । वह शरीर एक धर्म का साधन है तो शरीर पाप का भी साधन बन सकता हैं । वह जितना ज्यादा संभव हो सकें हम शरीर धर्म का साधन बनाएं रखने का प्रयास करे । मन और वचन भी धर्म के साधन बन सकतें हैं पर शरीर हैं तो मन और वचन हैं । इस दृष्टि से शरीर की मुख्यता हैं । यह मानव जीवन अभी हमें प्राप्त है और जीवन बीत रहा हैं । स्वयं के दोष देखे बिना जीवन में कल्याण नहीं होता है । हमें दूसरों के दोष नहीं देखना चाहिए बल्कि स्वयं के दोष पर ध्यान देना चाहिए । हम अपनी गलती,कमी को स्वीकार किए बिना सफलता के शिखर पर नहीं पहुंच सकते हैं । हमारी दृष्टिभाव में दोष है तो पहले उसे दूर करना होगा तभी सफलता मिल सकती है। अतः जिस प्रकार सूई छेद करती है पर सूत अपने शरीर का अंश दे कर भी उस छेद को भर देता है, उसी प्रकार हमें भी दूसरों के छिद्रों (अवगुणों) को भर देने अर्थात् ख़त्म कर देने के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर देना चाहिए। सुख दुःख ना कारण रे , इम करे विचारण रे । सुख दुःख तो स्वतः कर्म द्वारा निमित हैं । इस बात को अंगीकार करते ही दुःख का स्थान ही नहीं रहता हैं । वह जब तक अंगीकार नहीं तो कोई भी पूर्ण सुखी नहीं हैं ।

> प्रदीप छाजेड़

# स्पा सेंटर में लड़कियों की कराई परेड

## रिसेप्शनिस्ट ने सौदेबाजी की, पुलिस के पहुंचने से पहले फरार

**शिकायत**

तमसा संकेत, एजेंसी

बरेली। बरेली में स्पा सेंटर की आड़ में सेक्स रैकेट चलाने का मामला सामने आया है। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों का कहना है कि स्पा सेंटर की रिसेप्शनिस्ट ने 1000 रुपए में लड़कियों से थेरेपी का ऑफर दिया। पसंद करने के लिए लड़कियों की परेड कराई। कहा- हमारे यहां पूरी सेवा होगी।

उन्होंने इसका स्टिंग वीडियो भी बनाया। हिंदू संगठन ने मंगलवार को SSP से इसकी शिकायत की। इसके बाद पुलिस वहां पहुंची। स्पा सेंटर में छानबीन की गई, लेकिन वहां कोई नहीं मिला। पुलिस अब वीडियो के आधार पर आगे की जांच कर रही है। मामला बारादरी थाना क्षेत्र का है। बारादरी थाना क्षेत्र में पीलीभीत



स्पा सेंटर में रिसेप्शनिस्ट के कहने पर वहां की लड़कियों ने परेड की।

रोड पर स्थित सर्वोत्तम हॉस्पिटल के सेकेंड फ्लोर पर स्पा सेंटर चल रहा था। बिल्डिंग एक रिटायर्ड कर्नल की है। हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों का कहना है कि वे लोग पिछले कई दिनों से इस सेंटर की रेकी कर रहे थे। 5 मिनट 3 सेकेंड के वीडियो में स्पा सेंटर का रिसेप्शन एरिया दिख रहा है। रिसेप्शन पर बैठी महिला अपने स्पा सेंटर से जुड़ी सुविधाओं के बारे में बता रही है। वह कहती है कि पहले 1000 रुपए देकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा, उसके बाद थेरेपी कराई जाएगी। थेरेपी के लिए 45 मिनट का समय मिलेगा। वह बारी-बारी से कई लड़कियों को आवाज देकर बुलाती। लड़कियां पर्दे के पीछे आकर चेहरा दिखाकर वापस चली जाती हैं। अंदर से कुछ ग्राहक बाहर आते हुए भी दिखते हैं।

> "स्पा सेंटर के नाम पर न केवल देह व्यापार हो रहा था, बल्कि 'लव जिहाद' जैसी साजिशों को भी अंजाम दिया जा रहा था। मंगलवार को मंच के युवा जिलाध्यक्ष हिमांशु पटेल और गोरक्षक निर्दोष राठौर स्पा सेंटर पहुंचे और ग्राहक बनकर वीडियो बना लिया।

### हिंदू संगठन ने एसएसपी से की शिकायत, कहा- एक्शन लीजिए

हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने SSP बरेली को एक प्रार्थना पत्र सौंपा है। जिलाध्यक्ष अरुण फौजी और हिमांशु पटेल ने मांग की है कि शहर के कई थाना क्षेत्रों में चल रहे अवैध स्पा सेंटरों को तुरंत सील किया जाए। यह धंधा पुलिस की मिलीभगत और कुछ सफेदपोशों के संरक्षण में चल रहा है। इससे शहर की छवि धूमिल हो रही और युवाओं का भविष्य बर्बाद हो रहा है। अगर पुलिस ने जल्द ठोस कदम नहीं उठाए, तो हिंदू जागरण मंच आंदोलन करेगा।



वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने स्पा सेंटर पहुंचकर पड़ताल की। लेकिन वहां कोई नहीं मिला।

# युवती से दुष्कर्म मामले में आरोपी टीटीई निलंबित

तमसा संकेत, एजेंसी

गोरखपुर। आरोपी राहुल कुमार मूलरूप से बिहार के पटना का रहने वाला है और घटना के बाद से लापता है। मूलरूप से मऊ जिले की रहने वाली 22 वर्षीय युवती गोरखपुर में किराए पर कमरा लेकर सेना भर्ती की तैयारी कर रही है। रविवार को वह एनसीसी 'सी' सर्टिफिकेट की परीक्षा देकर लौट रही थी। बलिया स्टेशन पर हड़बड़ी में टिकट न ले पाने के कारण वह ट्रेन में सवार हो गई। आरोप है कि टीटीई ने बिना टिकट की कार्रवाई का डर दिखाते हुए पहले सीट दिलाने का भरोसा दिया और फिर एसी प्रथम श्रेणी कोच के केबिन में ले जाकर इंदारा और देवरिया के बीच चलती ट्रेन में दुष्कर्म की कोशिश की।

पीड़िता के अनुसार, विरोध करने पर आरोपी ने कार्रवाई की धमकी दी। किसी तरह केबिन से बाहर निकलकर उसने 112 नंबर पर फोन



कर घटना की सूचना दी। इसके बाद राहुल कुमार देवरिया में ट्रेन से उतरकर भाग निकला।

गोरखपुर पहुंचने पर युवती ने इसकी शिकायत जीआरपी थाने में की। मामले में युवती की तहरीर पर आरोपी टीटीई के खिलाफ दुष्कर्म की कोशिश समेत अन्य गंभीर धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर देर रात विवेचना देवरिया ट्रांसफर कर दिया गया।

उधर, घटना का संज्ञान लेते हुए रेलवे प्रशासन ने आरोपी टीटीई को निलंबित कर दिया है। जीआरपी और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीमें पटना और अन्य संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।

# राजेश कुमार पांडे ने उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में कार्यभार संभाला

तमसा संकेत, संवाददाता

नई दिल्ली। भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग सेवा (IRSSE) के 1989 बैच के एक प्रतिष्ठित अधिकारी, श्री राजेश कुमार पांडे ने आधिकारिक तौर पर उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया है।

उत्तर प्रदेश के गोरखपुर के मूल निवासी श्री पांडे अपने नए पद पर एक समृद्ध शैक्षणिक अनुभव लेकर आए हैं। उन्होंने मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज, गोरखपुर से इलेक्ट्रॉनिक्स में बी.ई. (B.E.) की डिग्री प्राप्त की, जिसके बाद उन्होंने आईआईटी दिल्ली (IIT Delhi) से एम.टेक (M.Tech) किया। उन्होंने भारतीय रेलवे में अपने शानदार करियर की शुरुआत बरौनी में सहायक सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के रूप में की थी। तब से, उन्होंने रेलवे नेटवर्क में कई उच्च-स्तरीय भूमिकाओं में



अपनी सेवाएं दी हैं, जिनमें शामिल हैं:

आरडीएसओ (RDSO): निरीक्षण निदेशक के रूप में, जहाँ उन्होंने गुणवत्ता आश्वासन प्रोटोकॉल में सुधार किया।

पूर्व मध्य रेलवे: समस्तीपुर मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक और पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में मंडल रेल प्रबंधक (DRM) के रूप में कार्य किया।

पश्चिम रेलवे: विभिन्न वरिष्ठ पदों पर कार्य किया, विशेष रूप से मुंबई उपनगरीय खंड में 'एक्सल काउंटर' की स्थापना का नेतृत्व किया ताकि मानसून के दौरान सेवाएं प्रभावित न हों।

श्री पांडे को प्रमुख बुनियादी ढांचा और सुरक्षा परियोजनाओं में उनके नेतृत्व के लिए व्यापक रूप से जाना जाता है। डीआरएम के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे भारत की स्वदेशी स्वचालित ट्रेन सुरक्षा प्रणाली, 'कवच' (Kavach) के विकास और कार्यान्वयन में भी एक प्रमुख व्यक्ति रहे हैं। हाल ही में, रेलवे बोर्ड में अपर सदस्य (सिग्नल) के रूप में कार्य करते हुए, उन्होंने 400 किलोमीटर लंबे रेल खंड पर 'कवच' की स्थापना की सफलतापूर्वक निगरानी की, जिससे रेल सुरक्षा में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

उत्तर रेलवे की कमान संभालते ही श्री पांडे ने जोन के आधुनिकीकरण और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने के उद्देश्य से रणनीतिक प्राथमिकताओं का एक स्पष्ट खाका तैयार किया है ।

## कार पर लखनऊ कमिश्नर की गाड़ी का नंबर, सीबीआई के कई कार्ड मिले

# पकड़ा गया नकली पिस्टल से डराने वाला फर्जी दरोगा



तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर पुलिस ने एक फर्जी दरोगा को गिरफ्तार किया है। वह लाइटर जैसी दिखने वाली पिस्टल से लोगों को डराकर पुलिस की वर्दी पहनकर वसूली करता था। लोगों को शक न हो, इसलिए उसने कार के असली नंबर की जगह सरकारी नंबर प्लेट लगा रखी थी। उसके पास से पुलिस ने उत्तर प्रदेश पुलिस और सीबीआई के कई फर्जी आईडी कार्ड भी बरामद किए हैं।

फर्जी दरोगा की पहचान संजय कुमार के रूप में हुई है। वह उन्नाव जिले का रहने वाला है। पुलिस हिरासत में उसने बताया कि वर्दी समेत अन्य सामान दुर्गेश का है, जो खुद को केशव प्रसाद मौर्य का



पीएसओ बताता है। उसी ने सरकारी गाड़ी की नंबर प्लेट भी दी थी। DCP सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया आरोपी युवक संजय कुमार को गिरफ्तार किया है, ये फर्जी दरोगा बनकर के लोगों को ठगता था। लोगों को नौकरी लगवाने के साथ-साथ ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर भी ठगी करता था। इसको अरेस्ट करके जेल भेजा जा रहा है, इसके साथी दुर्गेश और विजय का नाम पूछताछ में सामने आया है। फर्जी दरोगा संजय ने बताया- ये वर्दी हमारी नहीं है। सारी गलती दुर्गेश की है। दुर्गेश अपने आप को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य का PSO बताता है। उससे 7-8 महीने पहले मुलाकात हुई थी। मेरा कोई सामान नहीं है। सब उसी का है। बैग में रखा सामान भी उसी का है।

### इनकम टैक्स ज्वाइंट कमिश्नर की नंबर प्लेट इस्तेमाल की

संजय कुमार के पास से पुलिस ने एक गाड़ी आई-20 गाड़ी बरामद की है। कार पर सरकारी वाहनों को आवंटित होने वाला फर्जी नंबर प्लेट (UP32EG2250) लगी था। गाड़ी, लखनऊ के इनकम टैक्स के ज्वाइंट कमिश्नर के नाम पर रजिस्टर्ड है। जबकि, उसका असली रजिस्ट्रेशन नंबर UP35BK8203 है।

### ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर ठगी करता था

DCP सेंट्रल अतुल श्रीवास्तव ने बताया- मंगलवार को अनवरगंज पुलिस को एक सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति पुलिस की वर्दी में घूम रहा है जो कि फर्जी है। सूचना पर पुलिस पहुंची और उसे गिरफ्तार किया गया।

उसने यूपी पुलिस के दरोगा की वर्दी पहन रखी थी। पूछताछ की गई तो वह फर्जी निकला। उसकी गाड़ी की तलाशी ली गई तो फर्जी पिस्टल, आई कार्ड बरामद हुआ। ये लोगों को नौकरी और ट्रांसफर-पोस्टिंग के नाम पर ठगी करता था।

अपनी ओर से होटल और स्कूल में इंटरव्यू कराता था। वहां लोगों को ठगता था। उसके गैंग में दो और लोग शामिल हैं। दोनों की जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस के मुताबिक, फर्जी दरोगा संजय ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के PSO का नाम लिया है। जो कि टर्मिनेट है। इसे वेरिफाई कराया जा रहा है।

## दालमंडी में चल रहा बुलडोजर, तोड़े जा रहे 3 घर

वाराणसी । वाराणसी के दालमंडी में बुधवार को एक बार फिर बुलडोजर की कार्रवाई हो रही है। एसीपी अतुल अंजान त्रिपाठी के अनुसार आज तीन जर्जर मकानों पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई हो रही है।

इसमें इस समय मकान संख्या सीके 62/2 पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। यह मकान पूर्व में आंशिक रूप से तोड़ा गया था। आज इसपर बुलडोजर चलाकर इसे जमींदोज किया जा रहा है।

दालमंडी में लगातार चौड़ीकरण के लिए ध्वस्तीकरण का कार्य चल रहा है।इसी क्रम में बुधवार को वाराणसी नगर निगम द्वारा जर्जर घोषित तीन मकानों को गिराने के लिए 200 पुलिस-कर्मियों के साथ आला अधिकारी दालमंडी पहुंचे हैं। एडीएम सिटी आलोक वर्मा के नेतृत्व में यह कार्रवाई हो रही है। मौके पर एसीपी दशाश्वमेध डॉ अतुल अंजान त्रिपाठी भी मौजूद है।

## परीक्षा के दौरान केंद्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों एवं पुलिस बल की सक्रियता स्पष्ट रूप से देखने को मिली

# निगरानी में प्रथम दिन की बोर्ड परीक्षा सकुशल संपन्न

**निगरानी**

तमसा संकेत, संवाददाता

सूरतगंज (बाराबंकी)। क्षेत्र में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा का प्रथम दिन शांतिपूर्वक, सुव्यवस्थित एवं नकलविहीन वातावरण में संपन्न हुआ। प्रशासन की ओर से सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी निगरानी की व्यवस्था की गई थी। सचल दल द्वारा लगातार केंद्रों का निरीक्षण किया जाता रहा, जिससे परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराई जा सकीं।

परीक्षा के दौरान केंद्र व्यवस्थापकों, कक्ष निरीक्षकों एवं पुलिस बल की सक्रियता स्पष्ट रूप



से देखने को मिली। प्रवेश द्वार पर सघन तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया गया। सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी हर गतिविधि पर नजर रखी गई। प्रथम पाली में 464 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 446 उपस्थित रहे, जबकि 18 छात्र अनुपस्थित पाए गए।

द्वितीय पाली में 449 पंजीकृत छात्रों के सापेक्ष 12 अनुपस्थित बताए गए, जबकि 461 विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज होने की सूचना मिली। इस संबंध में प्रशासन द्वारा आंकड़ों का मिलान कराया जा रहा है।

### पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज सूरतगंज

प्रथम पाली में 370 परीक्षार्थियों को परीक्षा में शामिल होना था। उपलब्ध जानकारी के अनुसार 14 छात्रों के अनुपस्थित रहने की सूचना रही, हालांकि 370 विद्यार्थियों के परीक्षा में सम्मिलित होने की पुष्टि की गई। द्वितीय पाली में 326 पंजीकृत विद्यार्थियों में से 321 ने परीक्षा दी, जबकि 5 अनुपस्थित रहे। केंद्र पर सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रही।

सभी परीक्षा केंद्रों पर केंद्र व्यवस्थापकों की देखरेख में परीक्षा कराई गई। केंद्रों के बाहर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। सचल दल ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कहीं से भी नकल या अव्यवस्था की कोई सूचना नहीं मिली। प्रथम दिन की परीक्षा सकुशल संपन्न होने से शिक्षा विभाग व प्रशासन ने संतोष व्यक्त किया है।





### बीआरजी पब्लिक इंटर कॉलेज सूरतगंज

प्रथम पाली में हाईस्कूल की परीक्षा आयोजित हुई। यहां कुल 610 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 588 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 22 अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमी-डिएट की परीक्षा में 394 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 384 उपस्थित रहे और 10 छात्र अनुपस्थित पाए गए। परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई।

# गंगा में नहाते समय 4 छात्र डूबे, एक की मौत

तमसा संकेत, एजेंसी

प्रयागराज । प्रयागराज के झूंसी में गंगा स्नान करते वक्त आठवीं और दसवीं कक्षा के चार छात्र गहराई में जाकर डूबने लगे। इनमें से दो को सकुशल बचा लिया गया, लेकिन एक छात्र की मौत हो गई। इसके साथ ही एक छात्र लापता हो गया। देर रात तक सर्च ऑपरेशन चलाए जाने के बाद भी उसकी कोई खबर नहीं मिली। बुधवार को एक बार फिर से नए सिरे से तलाश की जाएगी। यह हादसा मंगलवार को झूंसी क्षेत्र में माघ मेला के पांच नंबर पीपा पुल के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, 14 से 16 साल के चार बच्चे गंगा में नहा रहे थे। नहाने के दौरान ही वह आगे बढ़ गए और इसी दौरान एक बच्चा गहराई में जाकर डूबने लगा। उसका साथी उसे बचाने के लिए आगे बढ़ा तो वह भी गहराई में चला गया। यह देख उनके दो साथी भी आगे बढ़े और वह भी गहराई में चले गए। चारों को डूबता देख आसपास मौजूद लोगों ने शोर



> प्रयागराज में पीपा पुल के पास तेज बहाव की चपेट में आए, दो बचाए गए एक लापता

मचाया तो किसी तरह दो को बाहर निकाल लिया गया। हालांकि उनके दो साथी देखते ही देखते पानी में समा गए। सूचना मिली तो पुलिस और फिर गोताखोर भी आ गए। करीब घंटे भर की मशक्कत के बाद एक बच्चे को बाहर निकाला गया लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। बाहर मौजूद उनके दो साथियों ने बताया कि मृतक 15 साल का आदित्य पटेल है जो कटका झूंसी में अपने मामा के घर रहता था।

**चर्चा : कार्यदायी फर्मों को मैनपावर बढ़ाते हुए समयान्तर्गत निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश**

# डीएम की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न

> जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति धीमी होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी फर्मों को मैनपावर बढ़ाते हुए समयान्तर्गत निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिये एवं अगली माह होने वाली बैठक तक वांछित प्रगति न लाये जाने पर कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये।

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। जिलाधिकारी ने बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोकस-भागार में जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में जल निगम ग्रामीण के अधिशासी अभियंता अमित कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत, कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जिले में कराये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 1581 राजस्व ग्राम हैं। जिलाधिकारी ने



जल जीवन मिशन के तहत बन रही पानी की टंकियों की गुणवत्ता पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता या घटिया सामग्री का उपयोग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इसके लिए नियमित निरीक्षण कर गुणवत्ता की निगरानी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जलापूर्ति को सुचारु और नियमित बनाए जाने के लिए सक्रिय प्रयास किए जाएं। अंत में जिलाधिकारी ने यह दोहराया कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत घरों में नल कनेक्शन, पाइपलाइन बिछाने, वितरण प्रणाली, टंकी निर्माण तथा सड़क मरम्मत जैसे सभी कार्य समयबद्ध, पारदर्शी और मानक अनुरूप पूरे किए जाएं, जिससे ग्रामीण जनता को इस महत्वपूर्ण योजना का वास्तविक लाभ समय पर मिल सके।

### किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जल जीवन मिशन जैसी महत्वपूर्ण योजना के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जिन गांवों में पाइपलाइन बिछाने के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त हुई हैं, वहां मरम्मत कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ आगामी पर्व होली से पहले पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्यों की स्थलीय निगरानी की जाए और संबंधित निर्माण एजेंसियां कार्य पूर्ण होने की लिखित सूचना अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें। कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्माण एजेंसियों को लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया की वर्चुअल बैठक हुई संपन्न

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी । प्राप्त जानकारी से जर्नलिस्ट काउंसिल ऑफ इंडिया की एक महत्वपूर्ण वर्चुअल बैठक पत्रकारिता के दौरान आने वाली दिक्कतों और वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा हेतु आयोजित की गई। बैठक संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें देशभर से लगभग पचास पदाधिकारियों ने सहभागिता कर अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं पूर्व न्यायाधीश विकास कुमार जी ने कहा कि वर्तमान समय में पत्रकार निर्भीक होकर कार्य नहीं कर पा रहा है, जो एक स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चिंताजनक संकेत है। उन्होंने पत्रकारों की सुरक्षा और स्वतंत्रता सुनिश्चित किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।





राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनुराग सक्सेना ने कहा कि एक ओर सरकार सभी व्यवस्थाओं को डिजिटल करने की दिशा में अग्रसर है, वहीं दूसरी ओर प्रेस के साथ अपेक्षित व्यवहार नहीं किया जा रहा है और प्रिंट मीडिया को समुचित मान्यता नहीं मिल पा रही है। उन्होंने प्रेस की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए संगठनात्मक एकजुटता पर जोर दिया। बिहार प्रदेश अध्यक्ष अकबर इमाम ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में पत्रकारिता का स्वरूप विकृत होता जा रहा है। कम योग्य व्यक्तियों के प्रवेश से पत्रकारिता की साख प्रभावित हो रही है। ऐसे में समय-समय पर प्रशिक्षण एवं पत्रकारिता की बारीकियों से अवगत कराना आवश्यक है, ताकि पत्रकारों का मान-सम्मान बना रहे। उत्तर प्रदेश से बी त्रिपाठी ने बताया कि प्रदेश में संगठन निरंतर मजबूत हो रहा है और पत्रकारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जा रहा है। वहीं प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी हो गया नागेंद्र पाण्डेय ने कहा कि स्थानीय पत्रकार कठिन परिस्थितियों में समाचार संकलन करते हैं, इसलिए उन्हें उचित पहचान और सम्मान मिलना चाहिए।

## यूपी के 18 जिलों में आंधी-बरसात की संभावना, ओले भी गिर सकते हैं

# नोएडा-बुलंदशहर में बारिश

**बदलाव**

■ मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक, राजस्थान में हो रही बारिश का असर शाम या दोपहर तक यूपी के कुछ इलाकों में भी हो सकता है।




तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। पश्चिमी यूपी में मौसम अचानक बदल गया है। नोएडा और बुलंदशहर में तेज बारिश हुई है। मेरठ में बादल छाए हैं। संभल, गाजियाबाद और अमरोहा में तेज हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग ने आज यानी 18 फरवरी और 19 फरवरी को बारिश-ओलों का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार, बुधवार को पश्चिमी यूपी के 13 जिलों में आंधी-बारिश हो सकती है। बुंदेलखंड के 5 जिलों में हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं भी चल सकती हैं। कुछ जगहों पर आकाशीय बिजली कड़कने और ओले गिरने की भी संभावना है।

मंगलवार की बात करें तो 31.6 डिग्री के साथ बांदा सबसे गर्म जिला रहा। 31.2 डिग्री के साथ हमीरपुर दूसरे स्थान पर और 31 डिग्री के साथ प्रयागराज तीसरे स्थान पर रहा। सबसे कम तापमान 15.4 डिग्री इटावा में रिकॉर्ड किया गया। नोएडा स्थित स्काईमेट वेदर के मौसम विशेषज्ञ महेश पलावत बताते हैं- यूपी में 2 साल के मुकाबले इस बार कम ठंड रही। दिसंबर-जनवरी में औसत अधिकतम और न्यूनतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहे। 1 जनवरी से 11 फरवरी के बीच 36 फीसदी की कमी देखी गई। इस बार एक्सट्रीम ठंड देखने को नहीं मिली।

### बारिश हुई तो फसलों को होगा नुकसान

अगर तेज हवा के साथ बारिश हुई तो गेहूं और सरसों की फसल गिर सकती है। इससे दाने कमजोर हो जाएंगे और पैदावार पर असर पड़ेगा। इसलिए मौसम विभाग ने किसानों को अलर्ट रहने को कहा है और खुले स्थानों पर कटी हुई फसलों को रखने से मना किया है।

### इन जिलों में बारिश की संभावना

18 फरवरी को पश्चिमी यूपी के 19 जिलों में काले बादल छाए रहेंगे। हल्की बूंदाबांदी भी हो सकती है। मौसम विभाग का अनुमान है कि बुधवार को नोएडा, गाजियाबाद, अलीगढ़, हाथरस, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, बागपत, हापुड़, मैनपुरी, इटावा, कांसगज, एटा, औरया, जालौन, झांसी और ललितपुर में बादल छाए रहेंगे।

> “ लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया अगले 24 घंटों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव नहीं होने की संभावना है। न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। इसके बाद न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की जा सकती है।

### यूपी से सटे जयपुर में बारिश-ओले गिरे, उत्तराखंड में बर्फबारी का अलर्ट

बुधवार को कानपुर, मेरठ समेत कई शहरों में सुबह हल्के बादल छाए रहे। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण राजस्थान का मौसम बदल गया है। जयपुर, अलवर, टोंक सहित कई जिलों में बुधवार सुबह बरसात हुई। जयपुर शहर के आसपास के इलाकों में ओले भी गिरे। तापमान में गिरावट के साथ हवा में भी ठंडक बढ़ गई है। वहीं, उत्तराखंड में भी आज, 18 फरवरी को 5 जिलों में बारिश और बर्फबारी की संभावना है। इनमें उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ के ऊंचाई वाले इलाके शामिल है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून के अनुसार 3300 मीटर और उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हो सकती है।

## खाद्य प्रसंस्करण नीति-2023 से निवेश व रोजगार को नई गति

तमसा संकेत, संवाददाता



लखनऊ । उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन मे उत्तर प्रदेश में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से एक प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित हो रहा है। यूपी की खाद्य प्रसंस्करण नीति से निवेश, रोजगार और निर्यात को नई रफ्तार मिल रही है।प्रदेश सरकार द्वारा लागू उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति–2023 का उद्देश्य राज्य में निवेश, रोजगार और निर्यात को प्रोत्साहित करते हुए किसानों की आय में वृद्धि करना है। उ०प्र० खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-2023 अंतर्गत स्वीकृत प्रस्तावों के प्लान मैप सक्षम स्तर से स्वीकृति में बिलम्ब होने के प्रकरण पर कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि संबन्धित विभागों एवं उद्यमियों के साथ पाक्षिक वर्चुवल मीटिंग की जाय एवं प्रकरणों के निस्तारण की कार्यवाही में गति लायी जाय। निर्देश दिये गये कि विगत पाँच वर्षों में खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों को हस्तान्तरित कुल अनुदान के साथ-साथ विभिन्न इकाईयों के माध्यम से स्वरोजगार/ उद्यमिता विकास की जानकारी प्राप्त करने हेतु संबन्धित क्षेत्र से जुडी सलाहकार संस्था के साथ अनुबन्ध कर ग्राउण्ड सर्वे कराने एवं यह ज्ञात करने की आवश्यकता पर बल दिया गया किप्रदेश के किन जनपदों में समानान्तर इकाईयों की स्थापना से सैचुरेशन तो उत्पन्न नहीं हो जायेगा, यदि ऐसी फाइन्डिंग प्राप्त होती है, तो निवेशकों को अन्यत्र जनपदों में इकाई स्थापना हेतु सुझाव दिया जाय।

■ किसानों की आय वृद्धि और स्टार्ट-अप को मिलेगा सशक्त समर्थन

**फास्ट न्यूज**

### ताजगंज और नौलक्खा क्षेत्र में कल नहीं आएगा पानी

आगरा । आगरा में बुधवार को नौलक्खा जोनल पंपिंग स्टेशन की 750एमएम मेन राइजिंग लाइन में गांधी स्टोर के सामने लीकेज हो गई है। इस लीकेज को ठीक करने के लिए जलकल विभाग ने मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। इस काम के चलते 19 फरवरी की सुबह ताजगंज और नौलक्खा जोनल पंपिंग स्टेशन से पानी की सप्लाई बंद रहेगी।

### साड़ी कारोबारी ने खुद को गोली मारी

कानपुर। कानपुर में साड़ी कारोबारी ने खुद को गोली मारकर सुसाइड की कोशिश की। खून से लथपथ वह घर में तड़पते रहे। गोली की आवाज सुनकर परिवार के लोग बचाने दौड़े। तुरंत हैलेट अस्पताल ले गए। जहां से परिवार के लोग रीजेंसी हॉस्पिटल में लग गए। कोहना थाना प्रभारी प्रतीक सिंह ने बताया कि गोली सिर से पार हो गई है। घटना को लेकर परिवार से जानकारी जुटाई जा रही है। किन कारणों से उन्होंने ये कदम उठाया। इसकी जांच की जा रही है। आर्यनगर के इंद्रलोक विला अपार्टमेंट के थर्ड फ्लोर पर 40 साल के सनल कपूर रहते हैं। उनकी नयागंज में साड़ी की दुकान है।

### बोर्ड परीक्षा से पहले छात्रा ने किया सुसाइड

आगरा । नगला बूढ़ी में मंगलवार को एक दसवीं की छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। छात्रा की पहचान शिवानी (15) के रूप में हुई है, जो जूता कारखाने में काम करने वाले हीरा सिंह की बेटी थी। शिवानी की मां सीमा बाजार से लौटीं तो कमरे का दरवाजा बंद था। उन्होंने शोर मचाया, जिसके बाद पुलिस ने पहुंचकर दरवाजा खोला तो शिवानी का शव लटका मिला।

## मथुरा की अग्रवाल धर्मशाला में युवक ने की आत्महत्या



तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा । थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित होली गेट की प्रसिद्ध अग्रवाल धर्मशाला में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना धर्मशाला के कमरा नंबर 25 की है।मृतक की पहचान उमेश पुत्र अमरजीत सिंह, निवासी ग्राम मढनई, थाना सादाबाद, जिला हाथरस के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि युवक धर्मशाला के कमरे में ठहरा हुआ था, जहां उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

घटना की सूचना मिलते ही होली गेट चौकी पुलिस और फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। मौके से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है। शहर की प्रमुख और बहुचर्चित अग्रवाल धर्मशाला में हुई इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है और जांच के बाद ही आगे की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## रायबरेली में पेड़ से टकराई, दुल्हन के भाई समेत 2 घायल, हादसा बुधवार को डीह थाना क्षेत्र में हुआ

# कार 6 बार पलटी बाप बेटे समेत 3 की मौत



तमसा संकेत, एजेंसी

रायबरेली । रायबरेली में कार बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। इसके बाद कार 6 बार पलटी खाते हुए खाई में गिर गई। हादसे में बाप-बेटे समेत 3 लोगों की मौत हो गई। दुल्हन के भाई और उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए।

बुलंदशहर और अलीगढ़ के रहने वाले तीन लोग बारात में शामिल होने के लिए आए थे। वे ट्रेन से रायबरेली पहुंचे थे। दुल्हन का भाई अपने दोस्त के साथ उन्हें रिसीव करने पहुंचा था। घर लौटते वक्त हादसा हो गया।

चीख-पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि कार के आसपास लोग कराह रहे थे। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी और सभी को सीएचसी भिजवाया। यहां डॉक्टरों ने तीन लोगों को मृत घोषित कर दिया। दो घायलों को रायबरेली मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। हादसा बुधवार को डीह थाना क्षेत्र में हुआ। प्रतापगढ़ के सांगीपुर थाना क्षेत्र के रहने वाले विष्णु ठाकुर मिश्रा की बेटी की गुरुवार को शादी है।

### शादी के घर मातम पसरा

दुल्हन के पिता विष्णु मिश्रा ने बताया- कल ही मेरी बेटी की शादी है। सारी तैयारियां पूरी हो चुकी थीं। घर में खुशी का माहौल था। हादसे के कारण सभी का रो-रोकर बुरा हाल है। अब बेहद सादगी के साथ शादी की रस्में पूरी की जाएंगी। डीह थाना प्रभारी मोहन सरोज ने बताया- तेज रफ्तार के चलते हादसा हुआ है। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतकों के परिजनों को सूचना दे दी गई है।



### टक्कर से 7 फीट की कार 5 फीट रह गई

रायबरेली-प्रतापगढ़ रोड पर बिजली पावर हाउस के पास कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, फिर पलटते हुए खाई में गिर गई। हादसा इतना भीषण था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से डैमेज हो गया। 7 फीट की कार 5 फीट की रह गई। कार का बोनट टूटकर अलग हो गया। अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने देखा कि कार के आसपास लोग जमीन पर कराह रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर डीह थाना प्रभारी मोहन सरोज पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

उन्होंने एंबुलेंस की मदद से सभी को डीह सीएचसी पहुंचाया। जहां मुकेश, उसके बेटे दिव्यांश और रामू को मृत घोषित कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल चंदर और उसके दोस्त अभिषेक को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

## कमेटी पर गर्भगृह में ताला लगाने और परंपराओं को तोड़ने का लगाया आरोप

# बांके बिहारी मंदिर में हाई पावर्ड कमेटी और सेवायतों के बीच ठनी

तमसा संकेत, संवाददाता



मथुरा। वृंदावन विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में मंगलवार को हाई पावर्ड कमेटी की 12वीं बैठक के बाद उपजा विवाद बुधवार को उस समय गहरा गया, जब मंदिर के गर्भगृह पर ताला लगा दिया गया। कमेटी द्वारा परंपराओं के विपरीत ठाकुर जी को जगमोहन (बाहरी चबूतरा) में विराजमान कराने और फिर गर्भगृह को बंद करने के निर्णय का सेवायत गोस्वामियों और देश-दुनिया से आए श्रद्धालुओं ने कड़ा विरोध किया। विवाद की शुरुआत तब हुई जब कमेटी और सेवायत कमेटी सदस्य के निर्देशन पर बुधवार को राजभोग सेवा के दौरान ठाकुर जी को जगमोहन में विराजमान कर भक्तों को दर्शन कराए गए। दोपहर को दर्शन बंद होने के बाद जब शयनभोग सेवायत मंदिर खोलने पहुंचे, तो उन्हें गर्भगृह पर ताला लटका मिला। सेवायत वेणु गोस्वामी ने प्रशासन पर परंपराओं को तोड़ने का आरोप लगाते हुए कहा कि ठाकुर जी केवल प्रमुख तीज-त्यो-हारों पर ही जगमोहन में दर्शन देते हैं, लेकिन कमेटी उन्हें रोजाना वहां बैठाना चाहती है। मैं समय पर पूजा के लिए उपस्थित था, लेकिन प्रशासन ने ताला लगाकर व्यवधान उत्पन्न किया। सेवाधिकारी हिमांशु गोस्वामी ने बताया कि भक्तों और सेवायतों के सामूहिक विरोध के कारण हाई पावर्ड कमेटी को अपनी हठ छोड़नी पड़ी। उन्होंने कहा कि ठाकुर जी की मर्यादाओं और परंपराओं की रक्षा के लिए भक्त हमारे साथ खड़े रहे, इसके लिए हम उनका धन्यवाद करते हैं। फिलहाल मंदिर में स्थिति सामान्य है, लेकिन प्रशासन के इस कदम ने मंदिर की प्राचीन व्यवस्थाओं और नई व्यवस्था लागू करने की कोशिशों के बीच एक बड़ी बहस छेड़ दी है।

**गर्भगृह के गेट पर ताला देखकर मंदिर में मौजूद भक्त आक्रोशित हो गए। श्रद्धालुओं ने प्रशासन की तुलना कंस के शासन से करते हुए कहा कि जिस तरह भगवान को वर्षों पहले कारागार में रखा गया था, आज प्रशासन उन्हें जंजीरों और तालों में बांधने की कोशिश कर रहा है। भक्तों के बढ़ते दबाव और नारेबाजी के आगे अंततः कमेटी को झुकना पड़ा और कुछ देर बाद ताला खोलकर दर्शन सुचारु किए गए।**

# भाजयुमो के पूर्व उपाध्यक्ष पर चाकू से हमला पीठ में गोली मारी

## पिता-मां समेत 9 पर एफआईआर, बजरंगदल का नेता अरेस्ट

तमसा संकेत, एजेंसी

कानपुर । कानपुर में भाजयुमो के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पर चाकू से ताबड़तोड़ 7 से अधिक वार किए। इसके बाद गोली मार दी। मरा समझकर सभी आरोपी भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए हैलट अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना का CCTV सामने आने के बाद मंगलवार देर रात पुलिस ने बजरंग दल के पूर्व नगर संयोजक को गिरफ्तार कर लिया। भाजपा नेता के भाई की तहरीर पर मां-पिता और बेटे समेत 9 नामजद और अन्य अज्ञात लोगों पर FIR दर्ज की गई है। पीड़ित परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया- आरोपियों ने सोनू पर चाकू से एक के बाद एक 7 से 8 वार किए। इसके बाद पीठ पर गोली मार दी। घटना की



जानकारी पर भाजयुमो के जिलाध्यक्ष शिवांग मिश्रा मौके पर पहुंचे। इसमें बताया- मंगलवार रात करीब 11:30 बजे वह अपने भाई सोनू राठौर और गीता नगर निवासी आयुष गौतम के साथ अपनी औरा कार से रामलला मंदिर से वापस आ रहा था। छपेड़ा पुलिया के पास राजेश बाबा वाली गली में अनिल विश्वकर्मा उर्फ बउवा उसका बेटा अभिषेक, सागर, पीयूष, पत्नी कमलेश, सागर सैनी, रिंकू, साजन, अभय समेत अन्य अज्ञात लोगों ने अचानक कार को घेर लिया।

### रावतपुर में एक शादी से लौट रहा था

भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष सोनू राठौर नवाबगंज के शिवराज सिग्नेचर सिटी में रहते हैं। छपेड़ा पुलिया पर उनकी पूजन सामग्री की दुकान है। मंगलवार की रात वह रावतपुर में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। वहां से करीब 12 बजे छपेड़ा पुलिया स्थित दुकान के पास से लौट रहे थे। इसी बीच बजरंग दल के पूर्व नगर संयोजक अभिषेक विश्वकर्मा, साजन उर्फ रोहित, बाबा लाइट ने सोनू राठौर को रोक लिया। इसके बाद अपने साथियों के साथ मिलकर सोनू से मारपीट शुरू कर दी।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### गलगोटिया ...

यूनिट्री Go2 चीन की यूनिट्री रोबोटिक्स कंपनी द्वारा बनाया गया एक एआई-पावर्ड रोबोटिक डॉग है, जो अपनी फुर्ती और एडवांस सेंसर्स के लिए दुनियाभर में मशहूर है।

इसमें 4D LiDAR तकनीक का इस्तेमाल हुआ है, जिसकी मदद से यह सीढ़ियां चढ़ने, ऊबड़-खाबड़ रास्तों पर चलने और अपने रास्ते में आने वाली बाधाओं को पहचानता है।

लगभग 2 से 3 लाख रुपए की कीमत वाला यह रोबोट वॉयस कमांड पर भी काम करता है और मुख्य रूप से तकनीकी रिसर्च और शिक्षा के क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाता है।

यूनिट्री चीन की एक मशहूर टेक्नोलॉजी कंपनी है, जो हाई-परफॉर्मेंस वाले रोबोटिक डॉग और ह्युमनॉइड रोबोट बनाने के लिए दुनियाभर में जानी जाती है। यह कंपनी मुख्य रूप से किफायती और एडवांस सेंसर वाली रोबोटिक्स तकनीक विकसित करती है, जिसका इस्तेमाल रिसर्च, एजुकेशन और इंडस्ट्रियल कामों के लिए किया जाता है।

ग्रेटर नोएडा स्थित गलगोटिया यूनिवर्सिटी 2011 में शुरू हुई थी। ये यूनिवर्सिटी 20 अलग-अलग स्कूलों के जरिए डिप्लोमा से लेकर पीएचडी तक के 200 से ज्यादा कोर्स कराती हैं।

### यूनिवर्सिटी ने माना ...

हाल ही में यूनिट्री से लिया गया रोबोटिक डॉग इसी सफर का एक हिस्सा है। यह सिर्फ दिखाने के लिए रखी गई कोई मशीन नहीं है, यह एक चलता-फिरता क्लासरूम है। हमारे छात्र इस पर प्रयोग कर रहे हैं, इसकी क्षमताओं को परख रहे हैं और इस प्रक्रिया में अपना ज्ञान बढ़ा रहे हैं।

हम यह साफ कर देना चाहते हैं कि गलगोटिया ने यह रोबोटिक डॉग नहीं बनाया है और न ही हमने कभी ऐसा दावा किया है। लेकिन हम ऐसे दिमाग तैयार कर रहे हैं जो जल्द ही भारत में ऐसी ही टेक्नोलॉजी को डिजाइन करेंगे, उनकी इंजीनियरिंग करेंगे और उन्हें यहीं बनाएंगे।

### मोदी सरकार ने दुनिया...

इससे भी ज्यादा शर्मनाक बात यह है कि मोदी के मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इसी झूठ में शामिल हैं और भारतीय समिट में चीन के रोबोट्स को प्रमोट कर रहे हैं। मोदी सरकार ने देश की छवि को ऐसा नुकसान पहुंचाया है जिसकी भरपाई नहीं हो सकती। वहीं नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि भारत के टैलेंट और डेटा का सही इस्तेमाल करने के बजाय, यह AI समिट एक 'डिसऑर्गनाइज्ड पीआर स्पेक्टेकल' बनकर रह गया है।

### मैं गांधियन...

मैं खुद को इंदिरावादी भी नहीं कहता, क्योंकि उनके इमरजेंसी घोषित किए जाने के फैसले से असहमत हूं। उनका लोकतंत्र को 18 महीनों के लिए तानाशाही में बदलना मुझे मंजूर नहीं था।

अय्यर की ये टिप्पणियां कांग्रेस के साथ तनावपूर्ण संबंधों के बीच आई हैं। विवाद की शुरुआत 16 फरवरी को हुई जब उन्होंने एक मीडिया चैनल से बातचीत में कहा कि INDIA ब्लॉक को मजबूत करने के लिए एमके स्टालिन सबसे सही नेता हैं, जबकि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जब वे छह साल के थे और उनके भाई चार साल के, तब महात्मा गांधी ने उन्हें गोद में उठाकर कहा था कि ये मेरी आंखों के सूरज और चांद हैं। उसी समय से वे खुद को गांधीवादी मानने लगे।

उन्होंने आगे कहा कि जब जवाहर लाल नेहरू देश के प्रधानमंत्री बने, तब वे छह साल के थे और 23 साल के होने तक नेहरू प्रधानमंत्री रहे। इसलिए उनके पूरे बचपन और युवावस्था पर नेहरूवादी सोच का गहरा असर पड़ा, और वे खुद को नेहरूवादी भी मानते हैं।

### संविधान और लोकतंत्र ...

और समाजवादी पार्टी के खिलाफ सुनियोजित दुष्प्रचार चलाया जा रहा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे भाजपा के “जाल” में न फंसें और नकारात्मकता से दूर रहते हुए संगठन को मजबूत करें।

उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में बदलाव का माहौल है और समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है। इसके लिए संगठन में एकजुटता और आपसी तालमेल जरूरी है।

भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सिर्फ नफरत और विभाजन की राजनीति करती है, जबकि समाजवादी पार्टी विकास और सामाजिक समरसता की राजनीति में विश्वास रखती है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान सरकार के पास अपना कोई ठोस काम नहीं है और वह समाजवादी सरकार के समय हुए विकास कार्यों को अपना बताने का प्रयास करती है।

अखिलेश यादव ने कहा कि किसान, गरीब और नौजवानों को आगे बढ़ाने तथा प्रदेश के समग्र विकास के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार आवश्यक है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे जनता के बीच जाएं, सरकार की नीतियों की सच्चाई बताएं और सकारात्मक एजेंडे के साथ चुनाव की तैयारी में जुट जाएं।

### यू०पी० एग्रो ...

निर्देश दिया गया है कि जब तक 94,04,294 रुपये नगर निगम निधि लखनऊ के खाते में जमा कर अदेयता प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं किया जाता, तब तक खाते से कोई धनराशि जारी नहीं की जाएगी। इसी तरह जोन-7 में भी बड़ी कार्रवाई की गई है। कर अधीक्षक श्री अजीत राय ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपो-रेशन लिमिटेड के देवा रोड, चिनहट स्थित उपकेंद्र पर 1,98,85,360 रुपये गृहकर बकाया पाए जाने पर उसे सील कर दिया। निगम अधिकारियों के अनुसार, संबंधित विभाग को कई बार नोटिस भेजे गए थे, लेकिन भुगतान न होने पर यह कदम उठाया गया।

### राज्यसभा की 37 ...

शरद पवार, रामदास अठावले, कणिमोझी, तिरुचि शिवा, राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश का कार्यकाल 2 अप्रैल को समाप्त हो रहा है।

16 मार्च को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच वोटिंग होगी और उसी दिन शाम 5 बजे वोटों की गिनती की जाएगी।

### बैलेट पेपर पर खास ...

आयोग के मुताबिक 5 राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में 1.20 लाख से ज्यादा लोगों ने डेमो कैंप में हिस्सा लिया। 1.16 लाख से ज्यादा लोगों ने मॉक वोट डाले। 10 फरवरी तक 29 हजार से ज्यादा पोलिंग स्टेशन लोकेशन मोबाइल डेमो वैन से कवर किए जा चुके हैं। यह अभियान EVM डेमो सेंटर और मोबाइल वैन के जरिए चलाया जा रहा है।

### स्पीकर का आदेश...

सपा विधायक ओम प्रकाश सिंह उठे तो स्पीकर ने कहा- आप और किसी के खिलाफ नहीं खड़े होते, लेकिन मंत्री के खिलाफ तुरंत खड़े होते हैं। ये दोस्ती, रिश्तेदारी सदन के बाहर निभाइएगा। शिवपाल यादव भी खड़े हुए। उन्होंने कहा- मंत्री जी ऐसा कह रहे जैसे 2017 में कोई काम ही नहीं हुआ। मंत्री जी असत्य बोलते हैं। मजाकिया मूड में अध्यक्ष ने कहा- आप थोड़ा एडजस्ट कर लीजिए। कांग्रेस विधायक आराधना मिश्रा ने मनरेगा मुद्दे पर हाउस अरेस्ट किए जाने का मुद्दा उठाया तो संसदीय कार्यमंत्री बोले- आप अपनी फजीहत कराने सदन से बाहर क्यों गई थीं।

### 'अकेले विधानसभा ...'

कहा- भाजपा सरकार ने कई बंगले अलॉट किए थे, लेकिन सुरक्षा कारणों से नहीं लिए गए या छोड़ दिए गए। अब मुझे टाइप-8 का सही बंगला अलॉट किया गया है, जिसे मैंने स्वीकार कर लिया है।

बसपा प्रमुख ने 2 जून, 1995 के लखनऊ स्टेट गेस्ट हाउस कांड का जिक्र किया। कहा- उस घटना के बाद से ही मुझे विशेष उच्च सुरक्षा मिली हुई है, जो अब और बढ़ गई है। कांग्रेस सरकार के समय से ही मुझे टाइप-8 बंगला मिलता रहा है।

## बंगाल को 6 विकेट से हराया, आकिब नबी ने 9 विकेट लिए, इस जीत के हीरो तेज गेंदबाज आकीब नबी रहे

# रणजी ट्रॉफी- 67 साल में जम्मू कश्मीर पहली बार फाइनल में



मुकाबला

नई दिल्ली, एजेंसी



67 साल के घरेलू क्रिकेट इतिहास में पहली बार जम्मू-कश्मीर रणजी ट्रॉफी के फाइनल में पहुंच गया है। कल्याणी में खेले गए रणजी ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में जम्मू-कश्मीर ने दो बार की पूर्व चैंपियन बंगाल को 6 विकेट से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। जीत के लिए मिले 126 रनों के छोटे लक्ष्य को टीम ने चौथे दिन 34.4 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया।

वंशज शर्मा ने 43 रन बनाए, जबकि IPL स्टार अब्दुल समद 30 रन बनाकर नाबाद रहे और टीम को जीत तक पहुंचाया। इस जीत के हीरो तेज गेंदबाज आकीब नबी रहे, जिन्होंने मैच में कुल 9 विकेट लेकर बंगाल की बल्लेबाजी की कमर तोड़ दी। इसके अलावा उन्होंने पहली पारी में 42 रन बनाकर टीम की जीत में अहम योगदान भी दिया।

तेज गेंदबाज अकीब नबी के लिए यह सीजन किसी सपने जैसा रहा है। क्वार्टर फाइनल में मध्य प्रदेश के खिलाफ 12 विकेट लेने वाले नबी ने सेमीफाइनल में भी 9 विकेट चटकाए। इस सीजन में उनके कुल विकेटों की संख्या 55 हो गई है और उनका औसत 13 से भी कम का रहा है। गेंदबाजी के अलावा उन्होंने पहली पारी में 42 रनों का अहम योगदान भी दिया था। मैच के बाद नबी ने कहा,'पिछली बार हम क्वार्टर फाइनल में चूक गए थे, लेकिन इस बार हमारी मेहनत रंग लाई।' इस ऐतिहासिक जीत पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा,'यह खिलाड़ियों की मेहनत और कोचिंग स्टाफ के अनुशासन का नतीजा है। जम्मू-कश्मीर की टीम ने पिछले कुछ सालों में जबरदस्त सुधार किया है।

### समद की आक्रामक बैटिंग और वंशज का छक्का

मैच के चौथे दिन जम्मू-कश्मीर को जीत के लिए 83 रनों की जरूरत थी और उनके 8 विकेट सुरक्षित थे। सुबह के सत्र में शुभम पुंडीर (27) और कप्तान पारस डोगरा (9) जल्दी आउट हो गए, जिससे टीम पर दबाव बढ़ गया था। इसके बाद अब्दुल समद और 22 साल के युवा वंशज शर्मा ने मोर्चा संभाला। दोनों के बीच 55 रनों की अटूट साझेदारी हुई। समद ने अपनी 27 गेंदों की पारी में 3 छक्के और 1 चौका लगाकर बंगाल के गेंदबाजों को बैकफुट पर धकेल दिया।

> 41 साल के कप्तान पारस डोगरा ने मैच के दौरान रणजी ट्रॉफी में अपने 10,000 रन पूरे किए। वे वसीम जाफर के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले भारत के दूसरे बल्लेबाज बन गए हैं। हिमाचल प्रदेश और पुडुचेरी से होते हुए जम्मू-कश्मीर पहुंचे डोगरा ने पहली पारी में 58 रनों की जुझारू पारी खेली थी, जिसने जीत की नींव रखी।

### 1959 से सफर शुरू हुआ

जम्मू-कश्मीर ने पहली बार 1959-60 के सीजन में रणजी ट्रॉफी खेलना शुरू किया था। शुरुआत में इस टीम को एक कमजोर टीम माना जाता था। टीम को अपनी पहली जीत दर्ज करने में ही 44 साल लग गए थे, जब 1982-83 में उन्होंने सर्विसेज को हराया था। 2013-14 में टीम पहली बार नॉकआउट दौर में पहुंची थी।

### बंगाल के इंटरनेशनल स्टार्स फेल रहे

बंगाल की टीम में मोहम्मद शमी, आकाश दीप, मुकेश कुमार और शाहबाज अहमद जैसे चार इंटरनेशनल खिलाड़ी शामिल थे। इसके बावजूद टीम दूसरी पारी में महज 99 रनों पर सिमट गई। बंगाल ने पहली पारी में 328 रन बनाए थे, जिसके जवाब में जम्मू-कश्मीर ने 302 रन बनाए। दूसरी पारी में अकीब नबी की घातक गेंदबाजी के सामने बंगाल का कोई भी बल्लेबाज टिक नहीं सका। आकाश दीप ने दूसरी पारी में 3 विकेट जरूर लिए, लेकिन वे हार नहीं टाल सके।

# टी-20 वर्ल्डकप में नेपाल ने स्कॉटलैंड को 7 विकेट से हराया

## दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 50 रन बनाए, सोमपाल कामी को 3 विकेट

नई दिल्ली, एजेंसी



नेपाल ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 में पहली जीत हासिल की है। टीम ने स्कॉटलैंड को 7 विकेट से हराया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में नेपाल ने ग्रुप सी के इस मैच का टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। टीम ने वर्ल्डकप में पहली बार टॉस जीता।

स्कॉटलैंड ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 170 रन बनाए। जवाबी पारी में नेपाल ने 19.2 ओवर में 3 विकेट पर चेज कर लिया। दीपेंद्र सिंह ऐरी ने 23 बॉल पर 50 रन की नाबाद पारी खेली।

ओपनर कुशल भुर्तेल ने 43 रन बनाए। आसिफ शेख ने 33 और गुलशन झा ने 24 रन बनाए। माइकल लीस्क को 3 विकेट मिले। टीम के शेष गेंदबाजों को विकेट नहीं मिले। स्कॉटलैंड के माइकल जोन्स की फिफ्टी स्कॉटलैंड की ओर से ओपनर माइकल जोन्स (71 रन) ने फिफ्टी लगाई। जॉर्ज मुन्से ने 27 और ब्रैंडन मैकमुलेन ने 25 रन बनाए। शेष बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर सके।

नेपाल की ओर से सोमपाल कामी ने 3 विकेट झटके। नंदन यादव को 2 विकेट मिले। कप्तान रोहित पौडेल और कुशल भुर्तेल ने एक-एक विकेट लिए।

20वें ओवर की दूसरी बॉल पर गुलशन झा ने चौका लगाकर नेपाल को 7 विकेट की जीत दिला दी। वे 17 बॉल पर 24 रन बनाकर नाबाद लौटे। 18वें ओवर में नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी ने ब्रैड व्हील की बॉल पर लगातार दो बाउंड्री लगाई। इनमें एक छक्का और एक चौका शामिल रहा। इस ओवर से 13 रन आए।

14वें ओवर में नेपाल ने तीसरा विकेट गंवाया। यहां पर कप्तान रोहित पौडेल 16 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें माइकल लीस्क ने माइकल जोन्स के हाथों कैच कराया। लीस्क को तीसरा विकेट मिला है। उन्होंने आसिफ शेख (33 रन) और ओपनर कुशल भुर्तेल (43 रन) को भी आउट किया।

### पाकिस्तान की कुटाई करने के बाद ईशान को ताजा रैंकिंग में हुआ बड़ा फायदा

नई दिल्ली। भारत के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा टी20 वर्ल्ड कप 2026 में अब तक अपना खाता भी नहीं खोल सके हैं। इस तरह के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद वे आईसीसी की ताजा टी20 रैंकिंग में पहले स्थान पर बने हुए हैं। अभिषेक से भारतीय फैंस को काफी उम्मीदें थी कि वे टी20 वर्ल्ड कप में अपने बल्ले से खूब चौके-छक्के लगाएं लेकिन अब तक शर्मा इसमें बुरी तरह से फेल हुए हैं।

अभिषेक के अलावा ताजा रैंकिंग में पहले स्थान पर हैं लेकिन उनके रेटिंग पॉइंट्स में कमी आई है। अगर उनका इसी तरह से खराब प्रदर्शन आने वाले मैचों में जारी रहा, तो ये टीम इंडिया के लिए भी और खुद अभिषेक को भी भारी पड़ सकता है। ऐसे में शर्मा नीदरलैंड्स के खिलाफ आज होने वाले मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन करना चाहेंगे और रैंकिंग में रेटिंग पॉइंट्स में बढ़ोतरी हासिल करना चाहेंगे।

## जहां टर्फ विकेट तक नहीं, उस बर्फ की धरती पर सॉफ्टवेयर इंजीनियर श्रेयस ने जिंदा रखा सपना

# श्रेयस मोव्वा कनाडा टीम में विकेटकीपर बल्लेबाज

नई दिल्ली, एजेंसी



जहां 'आइस हॉकी' सबसे लोकप्रिय खेल है और साल के छह महीने बर्फ की चादर बिछी रहती है, वहां एक भारतीय मूल का खिलाड़ी अपने क्रिकेट के सपनों को सींच रहा है। यह कहानी है श्रेयस मोव्वा की, जो कनाडा की टीम के भरोसेमंद विकेटकीपर-बल्लेबाज हैं और टी-20 वर्ल्ड कप में अपना जलवा बिखेर रहे हैं।

कनाडा के क्यूबेक प्रांत में क्रिकेट खेलना किसी संघर्ष से कम नहीं है। श्रेयस बताते हैं, 'वहां गर्मी का मौसम मई से सितंबर-अक्टूबर तक ही रहता है। उसके बाद कड़ाके की ठंड और बर्फबारी के कारण हमें इंडोर नेट्स में अभ्यास करना पड़ता है, जहां मैच जैसी परिस्थितियां बनाना मुश्किल होता है। वहां अंतर-राष्ट्रीय स्तर के टर्फ विकेट नहीं हैं। अब भी टर्फ विकेट की जरूरत है, क्योंकि अधिकतर मुकाबले मैटिंग विकेट पर खेले जाते हैं।' इन बाधाओं के बावजूद, 2021 में श्रेयस 2009 के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले क्यूबेक के पहले खिलाड़ी बने थे। 32 साल के श्रेयस सॉफ्टवेयर इंजीनियर भी हैं। वे बताते हैं, 'जब मैं टीम से बाहर था, तब मेरी नौकरी ने मुझे मानसिक रूप से टूटने से बचाया। मेरी कंपनी मुझे खेलने की अनुमति देती है और मैं अक्सर रात में काम करके इसकी भरपाई करता हूं। क्रिकेट मेरा जुनून है और सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग मेरा पेशा; मैं दोनों को जारी रखना चाहता हूं।' कनाडा के लिए 24 वनडे और 26 टी-20 खेल चुके श्रेयस वर्ल्ड कप में खुद को साबित कर रहे हैं। अब उनकी टीम का आखिरी मैच अफगानिस्तान के खिलाफ है।

### कर्नाटक से अंडर-23 भी खेले

कर्नाटक में जन्मे श्रेयस का सपना कर्नाटक राज्य की टीम के लिए खेलना था। उन्होंने 2015 में अंडर-23 क्रिकेट खेला, जहां उनके साथ अभिनव मनोहर और प्रवीण दुबे जैसे खिलाड़ी थे, जो बाद में IPL के सितारे बने। हालांकि, कर्नाटक की मुख्य टीम में जगह न मिल पाने के कारण श्रेयस ने मां का सपना पूरा करने की ठानी। साल 2016 में वे पढ़ाई के लिए कनाडा चले गए और मॉन्ट्रियल की कॉनकॉर्डिया यूनिवर्सिटी में दाखिला लिया।

## मनोरंजन

## परिवार ने इंस्टाग्राम पर दी जानकारी, सलमान खान की फिल्म रेडी में नजर आई थीं

# सीनियर एक्ट्रेस प्रवीना देशपांडे का निधन



नई दिल्ली। सीनियर एक्ट्रेस प्रवीना देशपांडे का मंगलवार को निधन हो गया। इस बात की जानकारी एक्ट्रेस के परिवार ने उनके आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी। जिसके बाद मंगलवार दोपहर मुंबई के अंधेरी स्थित श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया। एक्ट्रेस समय से कैंसर से जूझ रही थीं। 2019 में उन्हें मल्टीपल मायलोमा डायग्नोज हुआ था। बोन मैरो ट्रांसप्लांट के दौरान वे 17 दिन आइसोलेशन में रहीं। बता दें कि प्रवीना देशपांडे ने सलमान खान की सुपरहिट फिल्म रेडी में शालिनी चौधरी का रोल प्ले किया था। इसके अलावा उन्होंने एक विलेन, गब्बर इज बैक और परमाणुः द स्टोरी ऑफ पोखरण जैसी फिल्मों में काम किया। हाल ही में वे इमरान हाशमी की वेब सीरीज 'तस्करीः द स्मगलर्स वेब'' में कैमियो रोल में नजर आई थीं। पलाश ने बताया कि वे पिछले 22 साल से उन्हें जानते थे। उन्होंने यह भी कहा कि 'थैंक्स मॉम' की शूटिंग के दौरान प्रवीना कैंसर से जूझ रही थीं, लेकिन दर्द और कीमोथेरेपी के बावजूद उन्होंने काम पूरा किया और इसके लिए पुरस्कार भी जीते।

> एक्टर पलाश दत्ता, जिन्होंने प्रवीना देशपांडे के साथ शॉर्ट फिल्म 'थैंक्स मॉम' में काम किया था, ने दुख जताते हुए लिखा कि प्रवीना जी एक बेहतरीन कलाकार और प्यारी इंसान थीं।




### एक्ट्रेस को दी गई श्रद्धांजलि

एक्ट्रेस के निधन पर सिने एंड टेलीविजन आर्टिस्ट्स एसोसिएशन (CINTAA) ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए लिखा, "CINTAA प्रवीना देशपांडे जी (2008 से सदस्य) के निधन पर दुख व्यक्त करता है।"

## कहा- आरोपों के खिलाफ हर जगह जवाब देने के लिए उपलब्ध हूं

# अंतरिम जमानत के बाद जेल से बाहर आए राजपाल यादव

नई दिल्ली, एजेंसी



बॉलीवुड एक्टर राजपाल यादव को चेक बाउंस मामले में हाई कोर्ट से अंतरिम जमानत मिलने के बाद तिहाड़ जेल से रिहा कर दिया गया। मंगलवार को रिहाई की औपचारिकताएं पूरी करने के बाद वह जेल से बाहर आए, जिसके बाद उन्होंने उन्हें मिले लोगों के सपोर्ट का आभार जताया। बता दें कि चेक बाउंस मामले में राजपाल यादव ने 5 फरवरी को दिल्ली की तिहाड़ जेल में सरेंडर किया था।

मीडिया से बातचीत में राजपाल यादव ने कानूनी सवालों पर सीधे कमेंट करने से बचते हुए कहा कि पूरी जानकारी के लिए उनके वकील भास्कर उपाध्याय से पूछा जा सकता है।

राजपाल ने अपने फैंस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सोशल मीडिया पर और उसके बाहर भी उन्हें लोगों का समर्थन मिला है। एक्टर ने कहा कि यदि उनके खिलाफ कोई आरोप है, तो वह 100 प्रतिशत हर जगह जवाब देने के लिए उपलब्ध हैं।

बातचीत के अंत में उन्होंने हाई कोर्ट का धन्यवाद करते हुए कहा कि अदालत ने उन्हें अपनी बात रखने का अवसर दिया। साल 2010 में राजपाल यादव ने फिल्म अता पता लापता बनाने के लिए प्राइवेट कंपनी मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से 5 करोड़ रुपए का कर्ज लिया था। ये फिल्म फ्लॉप रही और राजपाल यादव को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ा।

### इंडस्ट्री-दर्शकों का भरपूर साथ- प्यार मिला

राजपाल यादव ने कहा कि वह पिछले 30 सालों से बॉलीवुड का हिस्सा हैं। इस दौरान उन्हें इंडस्ट्री और दर्शकों का भरपूर साथ और प्यार मिला, जिसकी बदौलत वह करीब 250 फिल्मों में काम कर सके। उन्होंने कहा कि बीते सालों में अदालत के आदेशों का पालन करते हुए वह नियमित रूप से पेश होते रहे हैं और भविष्य में भी जहां आदेश होगा, वहां उपस्थित रहेंगे।



# सलमान के पिता सलीम खान को ब्रेन हेमरेज

## डॉक्टर बोले- छोटी सर्जिकल प्रोसीजर की गई, यह ब्रेन सर्जरी नहीं, कुछ दिन अस्पताल में ही रहेंगे



नई दिल्ली। सलमान खान के पिता दिग्गज स्क्रिप्ट राइटर सलीम खान को ब्रेन हैमरेज हुआ है, जिसके बाद उनकी एक छोटी सी सर्जिकल प्रोसीजर की गई है।

लीलावती अस्पताल के डॉक्टर जलील पार्कर ने मीडिया से बातचीत में बताया कि सलीम खान की डिजिटल सब्स्ट्रैक्शन एंजियोग्राफी (DSA) की गई है। यह कोई ब्रेन सर्जरी नहीं है। DSA एक हाईक्वालिटी का एक्स-रे होता है। इसमें शरीर की नसों में हुए ब्लॉकेज को ज्यादा साफ देखा जा सकता है। इसे सेरेब्रल एंजियोग्राफी भी कहा जाता है।

अस्पताल प्रशासन ने बताया था कि सलीम खान को मंगलवार सुबह 8:30 बजे इमरजेंसी में लाया गया था। उनके इलाज के लिए डॉक्टरों की एक टीम बनाई गई है। इसमें न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. विनय चव्हाण, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अजीत मेनन, न्यूरोसर्जन डॉ. नितिन डांगे और डॉ. बिनीत अहलूवालिया शामिल हैं।

सलीम खान 90 साल के हैं। उनका जन्म 24 नवंबर 1935 को हुआ था। वे हिंदी सिनेमा के दिग्गज स्क्रिप्ट राइटरों में शुमार हैं। सलीम खान ने अपने करियर की शुरुआत एक्टिंग से की थी। 1960 के दशक में फिल्म बारात से करियर शुरू हुआ, लेकिन फिल्मों में उन्हें सीमित और छोटे किरदार ही मिले।

### सलीम खान ने दो शादियां कीं


पर्सनल लाइफ की बात करें तो सलीम खान ने दो शादियां कीं। उनकी पहली शादी 18 नवंबर 1964 को सलमा खान (पूर्व नाम सुशीला चरक) से हुई। इस शादी से उनके चार बच्चे सलमान खान, अरबाज खान, सोहेल खान और अलवीरा खान हुए।

बाद में 1981 में सलीम खान ने एक्ट्रेस हेलन रिचर्डसन से शादी की। कुछ सालों बाद सलीम खान और हेलन ने अर्पिता को गोद लिया।

उनके बड़े बेटे सलमान खान हिंदी सिनेमा के सबसे टॉप एक्टर्स में गिने जाते हैं, जबकि अरबाज और सोहेल भी फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिव हैं। उनकी बेटी अलवीरा की शादी एक्टर-डायरेक्टर अतुल अग्निहोत्री से हुई, वहीं अर्पिता की शादी एक्टर आयुष शर्मा से हुई है।







### कुछ समय तक डॉक्टर्स की निगरानी में रहेंगे सलीम खान

डॉक्टर पार्कर के अनुसार, फिलहाल सलीम खान को डिस्चार्ज नहीं किया जाएगा। उन्हें कुछ दिनों तक डॉक्टर्स की निगरानी में रखा जाएगा। हालांकि, उनकी हालत स्थिर है और वे रिकवरी कर रहे हैं। अगर सब कुछ ठीक रहा तो उन्हें आज या कल तक वेंटिलेटर सपोर्ट से हटाया जा सकता है, लेकिन डिस्चार्ज को लेकर अभी कोई फैसला नहीं लिया गया है। सलीम खान की तबीयत बिगड़ने के बाद मंगलवार को सलमान खान शूटिंग छोड़कर अस्पताल पहुंचे। वहीं, संजय दत्त और जावेद अख्तर भी अस्पताल पहुंचे।

> मंगलवार को अरबाज खान अपनी पत्नी शूरा के साथ पिता से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। वहीं, बुधवार सुबह उन्हें मुंबई एयरपोर्ट पर एंट्री करते हुए स्पॉट किया गया।

## बच्चों के साथ मार्शल आर्ट्स भी किया, एक्सपर्ट्स बोले-चीन ने रोबोटिक्स में अमेरिका को पछाड़ा

# चीनी रोबोट्स का इंसानों जैसा डांस वायरल

**कार्यक्रम**

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

चीन ने सोमवार को दुनिया को अपनी तकनीकी ताकत दिखाई। एक कार्यक्रम में इंसानों जैसे दिखने वाले ह्यूमनॉइड रोबोट्स ने मार्शल आर्ट्स और डांस किया। करीब 25 रोबोट्स बच्चों के साथ तलवार भांजते, बैकलिफ्ट करते और डंडे घुमाते हुए डांस करते दिखाई दिए।

खास बात यह रही कि एक भी रोबोट गिरा नहीं। यह प्रदर्शन देख दुनिया हैरान रह गई। कई लोगों के मन में सवाल उठा कि अगर रोबोट अब नाच सकते हैं और कुंग फू कर सकते हैं, तो वे और क्या कर सकते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि यह प्रदर्शन पिछले साल के मुकाबले बिल्कुल अलग था। पिछले साल रोबोट्स सिर्फ रुमाल घुमाते और साधारण हरकतें करते नजर आए थे। लेकिन एक साल में सबकुछ बदल चुका है। चीन दुनिया को खासकर अमेरिका को दिखाना चाहता है कि वह तकनीक में बहुत आगे निकल चुका है। एशिया में टेक्नोलॉजी कंसल्टेंसी कंपनी के प्रमुख जॉर्ज स्टीलर ने कहा कि जिस गाला में इन रोबोट्स ने प्रदर्शन किया, वह कई सालों से चीन की तकनीकी ताकत दिखाने का बड़ा मंच रहा है। इसी मंच पर चीन अपने अंतरिक्ष कार्यक्रम, ड्रोन और रोबोट जैसी नई तकनीकों को दुनिया के सामने पेश करता रहा है।



बीजिंग में आयोजित स्प्रिंग फेस्टिवल गाला में चार चीनी कंपनियों (यूनिट्री, मैजिकलैब, गलबोट और नोटिक्स) ने हिस्सा लिया था।

### दुनियाभर में 90% रोबोट्स चीन के

रिसर्च फर्म ओम्डिया के अनुसार, पिछले साल दुनियाभर में भेजे गए लगभग 13 हजार ह्यूमनॉइड रोबोट्स में से 90 प्रतिशत चीन से थे। यह अमेरिकी कंपनियों से काफी आगे है।

मॉर्गन स्टेनली का अनुमान है कि इस साल चीन में ह्यूमनॉइड रोबोट की बिक्री दोगुने से ज्यादा बढ़कर 28 हजार यूनिट तक पहुंच सकती है। दुनिया के सबसे रईस शख्स इलॉन मस्क का कहना है कि उन्हें अपने सबसे बड़े प्रतिद्वंद्वी के रूप में चीनी कंपनियां नजर आती हैं, क्योंकि वह टेस्ला को एआई आधारित रोबोटिक्स की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने हाल ही में कहा, "चीन को बाहर के लोग कम आंकते हैं, लेकिन चीन अगले स्तर का दमदार खिलाड़ी है।"

बीजिंग के टेक विश्लेषक पो झाओ का कहना है कि रोबोट्स का मैराथन दौड़ना, कुंग-फू किक लगाना या बैकफ्लिप करना सिर्फ दिखावा नहीं है। इसके पीछे बड़ी रणनीति है।

चीन ने रोबोटिक्स और एआई को अपनी अगली पीढ़ी की "AI+ मैन्युफैक्चरिंग" योजना के केंद्र में रखा है। सरकार को उम्मीद है कि मशीनों के ज्यादा इस्तेमाल से फैक्ट्रियों में उत्पादन बढ़ेगा और देश की बूढ़ी होती आबादी से पड़ने वाला दबाव कम होगा।




बीजिंग में आयोजित स्प्रिंग फेस्टिवल गाला में सोमवार को प्रदर्शन करते हुए रोबोट्स।

### रोबोट के विकास से लोगों की चिंता बढ़ी

AI पॉलिसी एक्सपर्ट रमेश श्रीनिवासन ने अल जजीरा से कहा कि यह प्रदर्शन दिखाता है कि चीन ह्यूमनॉइड रोबोटिक्स के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। लंबे समय में इन रोबोट्स का इस्तेमाल उद्योग और खेती जैसे क्षेत्रों में किया जा सकता है, खासकर ऐसे समय में जब चीन की आबादी लगातार घट रही है।

## भारतीय समकक्ष के दौरे का बेसब्री से इंतजार : जोनास गहर

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साल के अंत में नॉर्वे की यात्रा कर सकते हैं। नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्टोर ने कहा कि वे इस साल के अंत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। इस यात्रा में द्विपक्षीय सहयोग का और विस्तार होगा। ओस्लो में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात के दौरान स्टोर ने भारत की सुधार संबंधी प्रगति की सराहना की। वहीं, उन्होंने कहा कि नॉर्वे और भारत मत्स्य पालन, स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी, समुद्री और अंतरिक्ष क्षेत्रों में सहयोग कर सकते हैं। उन्होंने नॉर्वे में भारतीय प्रवासियों के योगदान की भी प्रशंसा की। वित्त मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, उन्होंने ईएफटीए और टीईपीए के संचालन पर भी चर्चा की। दोनों देशों के बीच सहयोग के प्रमुख क्षेत्रों की रूपरेखा तैयार की, जिनमें उच्च-तकनीकी विनिर्माण, कार्बन कैप्चर स्टोरेज, स्टार्टअप, सेमीकंडक्टर, नवीकरणीय ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित क्षेत्र शामिल हैं। सीतारमण ने ओस्लो में व्यापार और उद्योग मंत्री सेसिली मैसरेथ और यहां तक कि मत्स्य पालन और महासागर नीति के राज्य सचिव ट्रॉनस्टैड सेजबक्कन से मुलाकात की। नेताओं ने हरित प्रौद्योगिकी, दुर्लभ पृथ्वी प्रसंस्करण, समुद्री और जहाजरानी उद्योग और मत्स्य पालन जैसे क्षेत्रों में गहरा सहयोग स्थापित करने और पारस्परिक अवसरों की खोज करने के तरीकों पर चर्चा की।विशेष रूप से भारत के ईएफटीए और टीईपीए समझौतों के संदर्भ में। मैसरेथ ने बताया कि वह और उनकी टीम इस साल के अंत में होने वाली प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं।

**फास्ट न्यूज**

### क्लीनमैक्स एनवायरो एनर्जी का आईपीओ 23 फरवरी से ओपन होगा

मुंबई । रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी क्लीन मैक्स एनवायरो एनर्जी सॉल्यूशंस अपना इनिशियल पब्लिक ऑफर (IPO) 23 फरवरी को खुलेगा। निवेशक 25 फरवरी तक इसमें बोली लगा सकेंगे। कंपनी इस IPO के जरिए 3,100 रुपए जुटाना चाहती है। कंपनी इस इश्यू के जरिए फ्रेश शेयर और ऑफर फॉर सेल (OFS) दोनों लेकर आ रही है।

### सेंसेक्स 283 अंक बढ़ 83,734 पर बंद

मुंबई । शेयर बाजार में आज यानी 18 फरवरी को बढ़त रही। सेंसेक्स 283 अंक की तेजी के साथ 83,734 पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 94 अंक की बढ़त है, ये 25,819 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयरों में बढ़त रही। वहीं निफ्टी-50 के 31 शेयरों में बढ़त रही। आज मेटल, बैंकिंग और FMCG शेयर्स में बढ़त रही। वहीं IT शेयर्स में गिरावट रही। जापान का निक्केई इंडेक्स 1.02% चढ़कर 57,143 पर बंद हुआ। दक्षिण कोरिया का कोस्पी, हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स आज बंद हैं।

### दुनियाभर में यूट्यूब की सर्विस डेढ़ घंटे ठप रही

नई दिल्ली । दुनिया का सबसे पॉपुलर वीडियो प्लेटफॉर्म यूट्यूब की सर्विस अचानक ठप हो गई। डाउन-डिटेक्टर के मुताबिक, दुनियाभर में सुबह करीब 6 बजकर 20 मिनट से लगभग 8 बजे तक लाखों यूजर्स को इसे एक्सेस करने में परेशानी हो रही थी। सबसे ज्यादा दिक्कत इसके मोबाइल एप में आई जहां यूजर्स को समथिंग वेंट रॉन्ग मैसेज दिख रहा था।

## सेना की युद्धक तैयारी को बेहतर बनाएगा एआई

### हथियार बनेंगे स्मार्ट, बढ़ेगी सटीकता

नई दिल्ली, एजेंसी



इंडियन आर्मी अब टेक्नोलॉजी के मोर्चे पर कई बड़ी पहल कर रही है। राजधानी के भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दौरान सेना ने साफ कर दिया कि आने वाले समय की लड़ाई सिर्फ हथियारों से नहीं, बल्कि डेटा और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जीती जाएगी। बुधवार को 'स्मार्टाइजिंग द किल चेन' विषय पर हुए एक खास सेमिनार में सेना के वरिष्ठ अधिकारी, उद्योग जगत के दिग्गज और बड़े शिक्षण संस्थानों के विशेषज्ञ जुटे। इसका मकसद था, कैसे एआई के जरिए हथियारों, वाहनों, ड्रोन और दूसरे सैन्य प्लेटफॉर्म्स को इतना स्मार्ट बनाया जाए कि युद्ध के हर चरण में तेजी, सटीकता और प्रभावशीलता बढ़े। एआई की मदद से अब मशीनें पहले ही बता देंगी कि कौन सा सिस्टम कब खराब हो सकता है, किस हिस्से में दिक्कत आने वाली है और कहां संसाधन पहले से भेजने होंगे। यानी अब मरम्मत बाद में नहीं, पहले से तैयारी होगी।

यहां डीजी ईएमई लेफ्टिनेंट जनरल राजीव कुमार साहनी ने कहा कि उद्योग जगत के पास आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर ऑपरेशनल सटीकता प्रभावी बनाने का बड़ा अवसर है। बड़ी मात्रा में सेंसर से मिलने वाले डेटा को कार्रवाई योग्य जानकारी में बदला जा सकता है।

## फिलिस्तीनी एक्टिविस्ट ने लिखा था- न्यूयॉर्क इस्लाम की ओर बढ़ रहा, कुत्ते घर में नहीं रखें

# कुत्तों-मुसलमानों में से एक को चुनना आसान : अमेरिकी सांसद

वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी

अमेरिकी सांसद रैंडी फाइन के एक सोशल मीडिया पोस्ट से बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। उन्होंने मंगलवार को X पर लिखा कि अगर कुत्तों और मुसलमानों में से एक को चुनना पड़े तो यह मुश्किल फैसला नहीं है। दरअसल, रैंडी फाइन ने यह टिप्पणी न्यूयॉर्क में एक फिलिस्तीनी-अमेरिकी एक्टिविस्ट नरदीन किसवानी की पोस्ट के जवाब में की थी। किसवानी ने लिखा था कि कुत्ते अपवित्र हैं। ऐसे समय में जब न्यूयॉर्क इस्लाम की ओर बढ़ रहा है, कुत्तों को घर के अंदर नहीं रखना चाहिए। इन्हें बैन करना चाहिए।

इस पर फाइन ने कहा कि दुनिया में 57 ऐसे देश हैं, जहां शरिया कानून लागू है। अगर आप ऐसा चाहते हैं तो वहीं चले जाइए। अमेरिका 58वां मुस्लिम देश नहीं बनेगा। बाद में किसवानी ने कहा कि वह बस मजाक कर रही थीं। यह न्यूयॉर्क में सार्वजनिक जगहों पर कुत्तों की गंदगी को लेकर चल रही बहस से जुड़ा था। ऐसा उन लोगों के लिए कहा गया था, जो राजनीति में मुस्लिमों के बढ़ते प्रभाव को खतरा मानते हैं। फाइन ने विरोध पर पलटवार किया और कहा कि असली समस्या किसवानी का बयान है, जो लिखित रूप में था। फाइन ने न्यूजमैक्स को दिए इंटरव्यू में कहा कि उनका पोस्ट किसवानी के बयान के जवाब में था, जो शरिया लॉ (इस्लामी कानून) थोपने की कोशिश है। उन्होंने कहा, 'अमेरिका में कुत्ते परिवार के सदस्य हैं, और हम यूरोप की तरह शर्मिंदा होकर हार नहीं मानेंगे।' उन्होंने कुत्तों की तस्वीरें शेयर कीं, जिन पर 'डोंट ट्रेड ऑन मी' (ऐतिहासिक गैड्सडेन फ्लैग का स्लोगन) लिखा था।

इस पोस्ट को 42 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिले, हजारों लाइक्स, रीपोस्ट्स और कमेंट्स।



ट्रम्प की पार्टी के सांसद रैंडी फाइन इजराइल समर्थक माने जाते हैं। वहीं, नरदीन किसवानी फिलीस्तीनी मूल की अमेरिकी एक्टिविस्ट हैं।

### फाइन के खिलाफ कार्रवाई की मांग तेज

रैंडी फाइन के इस बयान पर वॉशिंगटन में भारी विरोध हुआ है। डेमोक्रेट्स, सिविल राइट्स ग्रुप्स और कई नेताओं ने इसे इस्लामोफोबिया और घृणा फैलाने वाला बताया। अमेरिकन-इस्लामिक रिलेशंस काउंसिल (CAIR) ने फाइन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की और कहा कि उनके इस्तीफे की मांग पहले से चल रही है।

### फाइन पर मुसलमानों को अमानवीय दिखाने का आरोप



किसवानी ने होमलैंड सिक्योरिटी सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम के पुराने बयान का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने अपने फार्म पर एक कुत्ते को गोली मारने की बात कही थी।


किसवानी ने लिखा, 'क्रिस्टी नोएम ने अपने ही कुत्ते को गोली मारने की बात कही और ज्यादातर लोगों ने ध्यान नहीं दिया। न्यूयॉर्क में एक मुस्लिम कह दे कि शहर पालतू जानवरों के लिए सही जगह नहीं है तो उसे मौत की धमकियां मिलने लगती हैं।' किसवानी ने फाइन पर फिलिस्तीनियों और मुसलमानों को अमानवीय दिखाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि निर्वाचित प्रतिनिधियों की ओर से आ रही मुस्लिम विरोधी भाषा पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती।

## नए पीएम तारिक रहमान के निवास पर राजनीतिक चर्चा तेज, गणभवन अब जुलाई क्रांति स्मारक संग्रहालय में परिवर्तित

# बांग्लादेश का पीएम आवास गणभवन बनेगा म्यूजियम



नई दिल्ली, एजेंसी



डेढ़ दशक से अधिक समय बाद बांग्लादेश में चुनी हुई सरकार की बहाली हो रही है। 12 फरवरी 2026 को को हुए 13वें संसदीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की भारी जीत के बाद पूरे देश में उत्साह की माहौल है।

नई सरकार के नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान 17 फरवरी को शपथ ग्रहण कर चुके हैं, लेकिन एक सवाल अब भी राजनीतिक हलकों में गूंज रहा है कि नए प्रधानमंत्री तारिक रहमान का स्थायी निवास क्या होगा? बांग्लादेश की स्वतंत्रता और संसदीय सरकार की स्थापना के बाद प्रधानमंत्री शेख मुजीबुर रहमान का कार्यालय बेली रोड स्थित 'राष्ट्रपति भवन' के नाम से जाना जाता था, जिसे वे 'गणभवन' कहते थे।

कार्यालय के लिए अपर्याप्त स्थान के कारण, 1973 के आम चुनाव के बाद, उन्होंने शेर-ए-बांग्ला नगर में गणभवन का निर्माण अपने आधिकारिक निवास और सचिवालय के रूप में करवाया, हलांकि वे कभी वहां नहीं रहे। अगले साल इसके पूरा होने के बाद, उन्होंने 1975 तक वहां काम किया और बाद में इसका उपयोग मार्शल लॉ प्रशासनों द्वारा कोर्ट-मार्शल के रूप में किया गया। पहले संसद भवन परिसर में स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के आवास को मिलाकर प्रधानमंत्री निवास बनाने का विचार था, लेकिन सुरक्षा जोखिम और संसदीय प्रोटोकॉल की दिक्कतों के कारण दिसंबर में यह योजना रद कर दी गई।

### गणभवन का इतिहास

विकिपीडिया पर मिली जानकारी के मुताबिक, ढाका के शेर -ए-बांग्ला नगर में स्थित 'गणभवन' का शाब्दिक अर्थ 'जनता का घर' है। बंगलादेशी संसद भवन के उत्तर में स्थित पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री का आधिकारिक निवास था। 2024 की जुलाई क्रांति के बाद, इस निवास को एक संग्रहालय में बदल दिया गया, जिसका नाम 'जुलाई क्रांति स्मारक संग्रहालय' रखा गया।

### जमुना गेस्ट हाउस बन रहा प्रमुख विकल्प

हाउसिंग एंड पब्लिक वर्क्स मिनिस्ट्री ने इस बाबत तैयारी पूरी कर ली है। पुराने पीएम आवास 'गणभवन' को जुलाई मेमोरियल म्यूजियम में बदल दिए जाने के बाद राज्य अतिथि गृह 'जमुना' को नए प्रधानमंत्री के निवास के रूप में तैयार किया जा रहा है। डॉ. मुहम्मद यूनुस ने भी इसे अपने ठहरने के स्थान के तौर पर इस्तेमाल किया था।

# सुंदर पिचाई ने पीएम मोदी से मुलाकात की

### एआई समिट में शामिल होंगे गूगल सीईओ

नई दिल्ली, एजेंसी



गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने आज यानी 18 फरवरी को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पिचाई 'ग्लोबल AI इम्पैक्ट समिट 2026' में हिस्सा लेने के लिए भारत आए हैं। 20 फरवरी को वे इस समिट में की-नोट एड्रेस (मुख्य भाषण) देंगे।

भारत पहुंचने के बाद पिचाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए लिखा, AI इम्पैक्ट समिट के लिए भारत वापस आकर अच्छा लग रहा है। हमेशा की तरह यहां गर्मजोशी से स्वागत हुआ। इंडिया AI इम्पैक्ट समिट 2026 का आयोजन दिल्ली के भारत मंडपम में किया जा रहा है। यह समिट 16 फरवरी को शुरू हुई थी और 20 फरवरी तक चलेगी। इसमें दुनिया भर के सरकारी नीति निर्माता, AI एक्सपर्ट्स, शिक्षाविद और टेक्नोलॉजी इनोवेटर्स शामिल हो रहे हैं। इस समिट का मकसद आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) पर वैश्विक चर्चा को आगे बढ़ाना है। यह ग्लोबल साउथ में आयोजित होने वाला अपनी तरह का पहला वैश्विक AI शिखर सम्मेलन है।

- मोदी बोले-2030 तक 400 बिलियन का होगा आईटी सेक्टर

**अपील :** मुनीर और मोहसिन को लेकर इमरान खान की बहनों का बड़ा दावा

# 'ये लोग मुझे मार डालेंगे'

- इमरान खान की बहनों ने हत्या की साजिश का आरोप लगाया।
- मोहसिन नकवी पर बहनों को धमकाने का गंभीर आरोप।
- अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कप्तानों ने इमरान के लिए अपील की।



नई दिल्ली, एजेंसी

जेल में बंद पाकिस्तान के दिग्गज क्रिकेटर और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सेहत ठीक नहीं है। हालात इतने बिगड़ गए हैं कि सुनील गावस्कर, कपिल देव, ग्रेग चैपल और क्लाइव लॉयड समेत कई पूर्व इंटरनेशनल क्रिकेट कप्तानों ने पाकिस्तान सरकार से मिलकर अपील की है। इन लोगों ने इमरान के साथ 'सही बर्ताव' करने की अपील की। एक तरफ जहां इंटरनेशनल लेवल पर लोग इमरान के सपोर्ट में आवाज उठा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ उनकी बहनों ने आरोप लगाया है कि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के चेयरमैन और देश के गृह मंत्री मोहसिन नकवी उन्हें धमका रहे हैं। अलीमा ने कहा, ₹मोहसिन नकवी हमें धमका रहे हैं। उनके मुंह को खून लग चुका है। अगर इमरान खान या हमें कुछ हुआ तो मेरी बात याद रखना, हम किसी की आने वाली पीढ़ियों को भी नहीं छोड़ेंगे। उजमा और अलीमा ने निवेदन किया कि इमरान की जांच उनके पर्सनल डॉक्टर आसिम और फैसल करें। हालांकि इस निवेदन को ठुकरा दिया गया। बहनों ने बताया, सरकार ने हमारे डॉक्टरों के बताए स्पेशलिस्ट को रिजेक्ट कर दिया, इसलिए उन्हें दूसरे नाम दिए गए।




### 'इमरान खान को मारने की रची जा रही साजिश'

इमरान खान की बहन डॉ. उजमा खान और अलीमा खान ने दावा किया है कि पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर और मोहसिन नकवी उनके भाई को मारने की साजिश रच रहे हैं। बहनों ने कहा कि हाल ही में जब इमरान खान से मुलाकात हुई थी तो उन्होंने इस साजिश के बारे में बताया था। उजमा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपने भाई के साथ हुई बातचीत के बारे में बताते हुए कहा, इमरान ने कहा था कि ये लोग मुझे मार डालेंगे। मुझे मारने का प्लान बनाया है।₹ अलीमा खान ने अपने भाई की आंख की बिगड़ती हालत को लेकर भी चिंता जताई और दावा किया कि उन्हें उनकी भरोसेमंद मेडिकल टीम से मिलने नहीं दिया जा रहा है।

# चांदी आज 4 हजार बढ़कर 2.37 लाख पर पहुंची

नई दिल्ली, एजेंसी



सोने-चांदी की कीमत में आज यानी 18 फरवरी को बढ़त है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, एक किलो चांदी 4 हजार रुपए बढ़कर 2.37 लाख रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले कल ये 2.33 लाख रुपए पर थी।

वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 98 रुपए महंगा होकर 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। सर्राफा बाजार में 29 जनवरी को सोने ने 1.76 लाख रुपए और चांदी ने 3.86 लाख रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

2025 में सोना 57 हजार (75%) बढ़ा है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76 हजार का था, जो 31 दिसंबर 2025 को 1.33 लाख रुपए हो गया। चांदी इस दौरान 1.44 लाख (167%) बढ़ी। 31 दिसंबर 2024 को एक किलो चांदी 86 हजार की थी, जो साल के आखिरी दिन 2.30 लाख प्रति किलो हो गई।

इक्विनॉमिक्स रिसर्च के फाउंडर और एमडी जी. चोक्कालिंगम ने कहा कि सोने-चांदी के साथ ही कॉपर जैसे इंडस्ट्रियल मेटल्स अत्यधिक अस्थिर रहेंगे। अगले 6 महीनों में इनके दाम कम से कम 10% और घट सकते हैं। वैश्विक आर्थिक विकास में मंदी, क्रिप्टोकरेंसी और टेक्नोलॉजी शेयरों में भारी गिरावट जैसे जोखिम कमोडिटी की कीमतों पर असर डाल सकते हैं।

सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें: हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (BIS) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें।

तमसा संकेत
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96